**अमृत वाणी**

**हर कोशिश में शायद सफलता नहीं मिल पाती, लेकिन हर सफलता का कारण कोशिश ही होती है।**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्ष: 36 अंक 57
शुक्रवार, 06 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 34°C | न्यूनतम 28°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in

# बेंगलुरु भगदड़ मामले में आरसीबी समेत 3 के खिलाफ एफआईआर

## इन पर आपराधिक लापरवाही का आरोप, हाईकोर्ट ने स्टेट्स रिपोर्ट मांगी, सुनवाई 10 जून को

**बेंगलुरु, 5 जून।** कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB), DNA इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ FIR दर्ज की। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। FIR में कहा गया है कि भगदड़ की घटना अव्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही की वजह से हुई। उधर, इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सी एम जोशी बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी।

वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा, राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि आरसीबी के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किसने लिया है। जो खिलाड़ी देश के लिए नहीं खेलते, उन्हें सम्मानित करने की क्या मजबूरी थी। स्टेडियम में फ्री पास से एंट्री। पास आरसीबी की वेबसाइट से लेने थे। बुधवार को यह घोषणा होने के बाद बड़ी संख्या में लोग वेबसाइट विजिट करने लगे तो साइट क्रैश हो गई। पास पाने वालों के साथ ही बिना पास के लोग भी स्टेडियम पहुंचे। इससे भीड़ का अंदाजा नहीं हो सका। प्रारंभिक जांच के मुताबिक भीड़ ने स्टेडियम में घुसने के लिए गेट नंबर 12, 13 और 10 तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। नाले पर रखा स्लैब ढह गया। हल्की बारिश के बीच भगदड़ मच गई। दोपहर लगभग 3.30 बजे भीड़ और बढ़ी तो सभी गेट बंद कर दिए गए। इससे पास वाले भी अंदर नहीं घुस पाए। हंगामा शुरू हो गया। गेट नंबर 10 पर स्थिति ज्यादा बिगड़ी। पुलिस ने महिलाओं-बच्चों को पीछे धकेला, कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गईं। सरकार ने कहा- 5 हजार सुरक्षाकर्मी थे, लेकिन भीड़ बहुत थी। इसलिए विक्ट्री परेड नहीं हो सकी। सूत्रों के मुताबिक इनमें से ज्यादातर पुलिसकर्मी 36 घंटे से ड्यूटी पर थे। पुलिस ने धारा 105, 125 (1)(2), 132, 121/1 और 190 र/w 3(5) में केस दर्ज किया है। इसके तहत किसी सार्वजनिक आयोजन में सुरक्षा को लेकर बरती गई लापरवाही, क्राउड मिस-मैनेजमेंट और लोगों की जान जोखिम में डालने जैसे अपराध शामिल हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 10 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। फ्रेंचाइजी ने बताया, "RCB Cares" नाम से एक स्पेशल फंड बनाया जाएगा। इससे हादसे में घायलों की मदद की जाएगी। बेंगलुरु हादसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रबंधन भी जांच के दायरे मे आ गया है।

## राफेल फाइटर जेट की बॉडी भारत में बनेगी

**टाटा ग्रुप का डसॉल्ट एविएशन के साथ समझौता**
**पहली बार फ्रांस के बाहर बनाया जाएगा**

**नई दिल्ली, 5 जून।** राफेल फाइटर जेट की मेन बॉडी अब हैदराबाद में बनेगी। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) ने इसके लिए फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ चार प्रोडक्शन ट्रांसफर एग्रीमेंट साइन किए हैं। राफेल की पहली फ्यूजलाज यूनिट 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आएगी। हैदराबाद में बनाए जा रहे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से हर महीने दो पूरी मेन बॉडी तैयार होने की उम्मीद है। टाटा और डसॉल्ट की ये साझेदारी भारत के रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाएगी। डसॉल्ट ने कहा कि ये प्रोजेक्ट भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग का एक बड़ा कदम है। इससे भारत में रक्षा उपकरण बनाने की क्षमता बढ़ेगी और स्थानीय इंजीनियर्स को विश्व स्तरीय तकनीक सीखने का मौका मिलेगा। ये पहली बार होगा जब राफेल की मेन बॉडी फ्रांस के बाहर बनेगी। टाटा ग्रुप पहले से ही डसॉल्ट के साथ मिलकर राफेल और मिराज 2000 जैसे विमानों के पुर्जे बनाता है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के CEO सुकरन सिंह ने कहा, ये साझेदारी भारत के हवाई जहाज बनाने के सफर में एक बड़ा कदम है। भारत में राफेल की पूरी मेन बॉडी बनाना दिखाता है कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की काबिलियत पर कितना भरोसा बढ़ रहा है और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारा रिश्ता कितना मजबूत है। ये इस बात का भी सबूत है कि भारत ने एक आधुनिक और मजबूत एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम तैयार करने में जबरदस्त तरक्की की है, जो दुनिया के बड़े प्लेटफॉर्म्स को सपोर्ट कर सकता है।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में नक्सली नेता ढेर

**छत्तीसगढ़, 5 जून।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में नक्सलियों का एक शीर्ष नेता मारा गया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार माओवादियों की केंद्रीय समिति कासदस्य गौतम उर्फ सुधाकर इस मुठभेड़ में मारा गया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में केंद्रीय समिति के सदस्य गौतम उर्फ सुधाकर, तेलंगाना राज्य समिति के सदस्य बांदी प्रकाश, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य पप्पा राव तथा कुछ अन्य सशस्त्र माओवादी कैडरों की मौजूदगी की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी),एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

# कभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं पर गोलियां चलती थीं, आज पुष्पवर्षा होती है : योगी

## मुख्यमंत्री ने अयोध्या में सरयू महोत्सव व नगर निगम के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम को किया संबोधित, पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ'

**0 सीएम योगी ने सभी सनातन धर्मावलम्बियों को दी गंगा दशहरा, विश्व पर्यावरण दिवस और सरयू महोत्सव की शुभकामनाएं' 0 माता जानकी, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, हनुमान जी, सुग्रीव, जामवंत, माता शबरी और निषाद राज के नाम पर विकसित की जाएं वाटिकाएं 0 मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 30 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण, 33 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास**



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पौधरोपण किया। इसके बाद उन्होंने राम कथा पार्क में आयोजित अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने गंगा दशहरा, सरयू महोत्सव और विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं, साथ ही अयोध्या के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं, श्रद्धालुओं पर लाठी डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था, मगर आज श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा होती है और उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने 'अतिथि देवो भव:' की नई परिभाषा गढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। उन्होंने गुरुवार को श्रीरामलला मंदिर में हुए श्रीरामदरबार सहित 7 अन्य मंदिरों में देव विग्रहों की स्थापना के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी सनातन धर्मावलंबियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

**गंगा और सरयू का श्रीराम और उनके पूर्वजों से गहरा संबंध**

मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सरयू महोत्सव के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि मां सरयू और भगवान श्रीराम का गहरा संबंध है। अयोध्या की पहचान मां सरयू के बिना अधूरी है। हजारों वर्षों से यह पवित्र नदी हमें दर्शन दे रही है। उन्होंने सरयू महोत्सव के आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि यह आयोजन अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और समृद्ध करेगा। उन्होंने मां गंगा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराज भगीरथ की तपस्या के फलस्वरूप मां गंगा धरती पर अवतरित हुईं। गंगा न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे भारत और विश्व का अन्न भंडार भरती हैं। यह दुनिया की सबसे उर्वर भूमि है।

**आधुनिक भारत के भगीरथ हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई नमामी गंगे परियोजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले गंगा का जल प्रदूषित हो गया था। पिछली सरकारों द्वारा विकास के नाम पर अनियोजित और अवैज्ञानिक ढंग से कार्य करने के चलते गंगा पूरी तरह से प्रदूषित हो गई थीं। लेकिन नमामी गंगे के माध्यम से गंगा की अविरलता और निर्मलता को पुनर्स्थापित किया गया। प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने इसकी निर्मलता का साक्षात्कार किया है।

**सभी लगाएं 'एक पेड़ मां के नाम**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अभियान शुरू किया है। अगर हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम पर लगाए, तो पर्यावरण संकट कभी नहीं आएगा। उन्होंने बताया कि सुबह लखनऊ में अपने आवास पर बेल और उसके बाद अयोध्या में सरयू तट पर पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पेड़ लगाए गए हैं।

**बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाएगी भारतीय जनता पार्टी**

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश वन विभाग के आगामी अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हर जनपद की कम से कम एक नदी को पुनर्जनन का संकल्प लिया गया है। इसके अंतर्गत 1 से 7 जुलाई तक नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही हाईवे और एक्सप्रेसवे के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हिस्सा लें।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सभी पार्षदों और अधिकारियों को दो वर्ष के कार्यकाल की बधाई दी। उन्होंने कहा कि महापौर के नेतृत्व में नगर निगम शानदार कार्य कर रहा है। इस अवसर पर 30 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और 33 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने अयोध्या के बदलते स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा कि पहले यहां बिजली, पानी और साफ-सफाई की कमी थी, लेकिन आज अयोध्या स्वच्छ और सुंदर नगरी बन चुकी है। उन्होंने नगर निगम की तीन महिला सफाईकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में लाखों श्रद्धालु आते थे, लेकिन पिछले वर्ष 16 करोड़ श्रद्धालु आए। यह नगर निगम के बेहतर प्रबंधन का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अब अपना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। मठ-मंदिरों का सौंदर्यीकरण हो रहा है। राम की पैड़ी का विस्तार हुआ है, जहां सरयू का जल अब स्वच्छ रहता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित अयोध्या का दिव्य स्वरूप आज साकार हो रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि अयोध्या में मां जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव, जामवंत, माता शबरी और निषाद राज के नाम पर वाटिकाएं विकसित की जाएं। उन्होंने अयोध्या वासियों से जिला प्रशासन के साथ मिलकर किसी नदी को पुनर्जनन का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या नगर निगम के दो वर्ष पूरे होने से संबंधित एक स्मारिका का भी विमोचन किया। साथ ही नगर निगम से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित स्टालों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अरुण कुमार सक्सेना, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, अमित सिंह चौहान, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, संतजन, पार्षदगण सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# सनातन की मजबूत नींव पर आकार ले रहा विकसित भारत : योगी आदित्यनाथ

## महंत नृत्यगोपाल दास के 87वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में बोले सीएम, अयोध्या में लौट रहा त्रेतायुगीन वैभव



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास जी महाराज के 87वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अयोध्या के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की मजबूत नींव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प साकार हो रहा है। डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से अयोध्या में त्रेतायुगीन वैभव की वापसी हो रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन अत्यंत अभिभूत करने वाला और आनंदमयी है। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पूज्य महंत नृत्यगोपाल दास जी के जन्मदिवस समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि पूज्य संतों की दिव्य साधना और आशीर्वाद के कारण ही भारत नए भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिना रुके और डिगे विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री ने राम मंदिर आंदोलन और प्राण प्रतिष्ठा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद गत वर्ष 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। आज रामदरबार और राम मंदिर में देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य भी पूर्ण हुआ है। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण सनातन धर्म की मजबूत नींव का प्रतीक है। उन्होंने काशी, महाकाल, केदारपुरी और सोमनाथ मंदिरों के सौंदर्यीकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मंदिरों पर सनातन धर्म की मजबूत नींव टिकी है। इस नींव पर मजबूत और भव्य भारत का निर्माण हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने मणिरामदास छावनी के गौरवशाली इतिहास का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी से 21वीं सदी तक, इस छावनी की 300 वर्षों की कठोर साधना का इतिहास रहा है। साक्षात माता जानकी ने इस परंपरा के संत को दर्शन दिए, जिसके कारण यह परंपरा फली-फूली। उन्होंने कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास के नेतृत्व में राम जन्मभूमि आंदोलन को सफलता मिली और आज अयोध्या विश्व की सुंदरतम नगरी के रूप में विकसित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अयोध्या में त्रेतायुगीन वैभव की वापसी हो रही है। रामायण में वर्णित चौड़ी सड़कों और बाग-उपवनों वाली अयोध्या आज साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं, लेकिन आज श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत होता है। उन्होंने अयोध्या के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि आज सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बन चुकी है। राम की पैड़ी पर पहले काई जमी होती थी, लेकिन अब सरयू का जल स्वच्छ रहता है। पांच लाख श्रद्धालु एक साथ राम की पैड़ी में स्नान कर सकते हैं। नया घाट से गुप्तार घाट तक घाटों की नई शृंखला स्थापित हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर बोलते हुए कहा कि आज ही के दिन महाराज भगीरथ की तपस्या के फलस्वरूप देवनदी गंगा धराधाम पर अवतरित हुई थीं। मां गंगा हमारी मुक्ति और भुक्ति का कारक हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि अयोध्या में सरयू के जल को स्वच्छ रखने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के आधुनिक विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन चुका है। माता शबरी के नाम पर भोजनालय, निषादराज के नाम पर यात्री विश्रामालय और महर्षि वशिष्ट, विश्वामित्र व तुलसीदास के मंदिरों का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि परिसर में सभी दिव्य विभूतियों के विग्रह स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने गिद्धराज जटायू की भव्य मूर्ति के स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि खानपान और पर्यावरणीय बदलाव के कारण गिद्धों की प्रजातियां समाप्त हो रही हैं। गिद्ध मानवता के लिए उपकारी हैं। माता सीता के अपहरण के समय जटायू ने रावण से लोहा लिया था। इसीलिए राम जन्मभूमि पर उनकी भव्य मूर्ति स्थापित की गई है। उन्होंने गोरखपुर में जटायू संरक्षण केंद्र की स्थापना का भी जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी के सौंदर्यीकरण और हनुमत मंडपम के निर्माण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी आज भव्य रूप ले चुकी है। इसके लिए मंदिर से जुड़े सभी संतों का विशेष आभार। उन्होंने कहा कि पूज्य संतों के आशीर्वाद से अयोध्या में आने वाले सभी श्रद्धालु अपनी धार्मिक पिपासा को शांत कर रहे हैं। कार्यक्रम में रामकृष्णाचार्य जी महाराज, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, जगद्गुरु सतुआ बाबा स्वामी संतोषाचार्य जी महाराज, स्वामी अनंत देवगिरी जी महाराज सहित कई संतजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जिले की एक नदी को करें पुनर्जीवित : मुख्यमंत्री

**0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13वें सरयू जयंती महोत्सव का किया शुभारंभ 0 सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या का सोलर सिटी बनना गर्व की बात**



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आंजनेय सेवा संस्थान में आयोजित 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में अयोध्या के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए नदियों के पुनर्जनन, विकास कार्यों और उत्तर प्रदेश की नई पहचान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से कह दिया गया है कि वो अपने अपने जिले की एक नदी को पुनर्जीवित करें। नदियों में न सीवर डाला जाए, न नाले गिराए जाएं, न मरे हुए जानवर फेंके जाएं। साथ ही नदियों के किनारे व्यापक रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाए। इस वर्ष 35 करोड़ पौधों का रोपण नदियों के किनारे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नदियां धरती माता का आधार हैं और इनके संरक्षण से ही पर्यावरण, जीव-जंतु और मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने मां सरयू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम ने अयोध्या का जिक्र करते हुए मां सरयू का नाम लिया था। सरयू अयोध्या की आत्मा है और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा के अवसर पर मां गंगा के अवतरण की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में ही भगवान भगीरथ ने अपने पूर्वज महाराज सगर के पुत्रों के उद्धार के लिए लंबी साधना की और मां गंगा को धरती पर लाए। मां गंगा न केवल मुक्ति और भुक्ति का कारक हैं, बल्कि भारत और विश्व का अन्न भंडार भी इन्हीं के कारण समृद्ध है। मां गंगा का मैदानी भाग दुनिया की सबसे उर्वर भूमि है।उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया ने मां गंगा के तट पर आयोजित इस महोत्सव को देखा, जो भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि 10 साल पहले जो असंभव लगता था, वह आज संभव हो चुका है। आज अयोध्या का वैभव देखकर लोग अभिभूत और आश्चर्यचकित हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या में अब 4-लेन और 6-लेन की सड़कें, वाटर एटीएम और अन्य जनसुविधाओं का विकास हुआ है। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण पूरा हो चुका है, और यह शहर देश की पहली सोलर सिटी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या का सोलर सिटी बनना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के इस वैभव ने न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे भारत का सम्मान विश्व पटल पर बढ़ाया है। आज जो भी अयोध्या आता है, वह अभिभूत होकर जाता है। अयोध्या की यह प्रगति उत्तर प्रदेश और भारत की नई पहचान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की प्रगति पर गर्व जताते हुए कहा कि यूपी अब नये भारत का उत्तर प्रदेश बन रहा है। यह विकास के नए कीर्तिमान रच रहा है। आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, दंगा और अपराधमुक्त वातावरण, नौजवानों के लिए रोजगार, महिलाओं और व्यापारियों के लिए भयमुक्त माहौल यूपी की नई पहचान है। उन्होंने कहा कि पहले लोग उत्तर प्रदेश का नाम सुनकर नाक-भौं सिकोड़ते थे, लेकिन आज यूपी का नाम गौरव की अनुभूति कराता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम की तरह ही आज पूरा उत्तर प्रदेश चमक रहा है। यूपी अब विकास, संस्कृति और आधुनिकता का संगम बन चुका है। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को आपदा प्रबंधन से जोड़ा। उन्होंने कहा कि नदियां रहेंगी, तभी धरती माता, पर्यावरण और जीव-जंतु सुरक्षित रहेंगे। इससे प्राकृतिक आपदाएं भी हमारा बाल बांका नहीं कर पाएंगी। उन्होंने सभी से नदियों और पर्यावरण के संरक्षण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने राम मंदिर में देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी सनातन धर्मावलंबियों को बधाई दी और अयोध्या के वैभव को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज सरयू जयंती महोत्सव के साथ-साथ राम मंदिर में देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का पावन अवसर है। इसके लिए मैं देश-दुनिया के सभी सनातन धर्मावलंबियों को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि अयोध्या आज एक नए युग की शुरुआत का साक्षी बन रही है। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 वर्षों के लंबे इंतजार को समाप्त कर भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को गति दी है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जगद्गुरू स्वामी संतोषाचार्य जी महाराज 'सतुआ बाबा', महंत अवधेश दास जी महाराज, महंत रामशरण दास जी महाराज, महंत राजकुमार दास जी महाराज, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, मिथिलेश नंदनीशरण जी महाराज, रामदास जी महाराज, गिरीश दास जी महाराज, वैदेहीवल्लभ जी महाराज, महंत शशिकांत दास जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, अमित सिंह चौहान, चंद्रभानु पासवान, अभय सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**घर के बाहर घर जैसा आराम**

**होटल वैशाली**



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087



**कंचन चौरसिया**
महिला जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

**रमेश कुमार चौरसिया**
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

**निदान चिकित्सा केन्द्र**
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

**डा. गुंजन यादव**
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

**डा. रोहित यादव**
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

**डा. राधेश्याम यादव**
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )

**प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव**

# विश्व पौधरोपण दिवस पर राधे फाउण्डेशन एवं नेहरू युवा मण्डल द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन





कौड़िया बाजार / गोण्डा । मेरा युवा भारत गोण्डा के प्रायोजन में , राधे फाउण्डेशन एवं नेहरू युवा मण्डल तेलियाकोट के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पौधरोपण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिता, संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित जनों को पौधों की रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण से हुआ , जिसमें दर्जनों फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए । उसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य पर्यावरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई , जिसमें बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से प्रकृति के महत्व को दर्शाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द यादव ने की तथा संचालन विनोद कुमार द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया ।मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधक कृष्ण गोपाल गुप्ता ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।प्रशिक्षक एवं समाजसेवी रजनी कान्त तिवारी ने अपने ओजस्वी एवं भावनात्मक संबोधन में कहा यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित , स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देना है , तो हमें आज ही पर्यावरण की चिंता करनी होगी । एक पौधा केवल हरियाली नहीं देता , वह जीवन की सांस बनता है । हमें हर व्यक्ति के जन्मदिन , वर्षगांठ अथवा उत्सव के अवसर पर कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे बच्चे की तरह पालना चाहिए । आज जब ग्लोबल वार्मिंग , जलवायु परिवर्तन, और वनों की कटाई जैसी समस्याएं मानव अस्तित्व के लिए खतरा बन चुकी हैं, ऐसे में यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम पौधारोपण करें और दूसरों को भी प्रेरित करें । उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे न केवल पौधे लगाएं बल्कि उन्हें बचाने और बड़ा करने का भी संकल्प लें।कार्यक्रम में वक्ता के रूप में विनय श्रीवास्तव ने अपने विचार रखे और पर्यावरण संतुलन के लिए जनजागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई पर्यावरण जागरूकता रैली ने गाँव में चेतना का संचार किया । हाथों में तख्तियां , मुखर नारों और आत्मविश्वास के साथ बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा हेतु संदेश दिया । चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मेडल व टीशर्ट देकर सम्मानित किया गया , जिससे विद्यार्थियों में नया उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं नागरिकों को पौधों की रक्षा, पर्यावरण संरक्षण, तथा हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया गया । यह कार्यक्रम न केवल एक आयोजन था, बल्कि प्रकृति के प्रति मानवीय संवेदनाओं को जगाने वाला एक जनआंदोलन बन गया । इस सफल आयोजन के लिए राधे फाउण्डेशन एवं नेहरू युवा मण्डल की टीम को ग्रामवासियों एवं शिक्षकों द्वारा सराहना प्राप्त हुई ।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन



बेलसर / गोण्डा । नगर पंचायत बेलसर कार्यालय पर विश्व पर्यावरण दिवस पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पौधशाला बरसड़ा के संचालक कृष्ण चंद्र मिश्रा रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कृष्ण चंद्र मिश्र ने कहा कि हर साल 5 जून को पूरी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन न सिर्फ प्रकृति के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी की याद दिलाता है, बल्कि हमें पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जागरूक और प्रेरित भी करता है। श्री मिश्रा ने आगे कहा कि वर्ष 1990 से राष्ट्रीय पौधशाला बरसडा का कुशल संचालन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लोगों के लिए हर समय उपलब्ध रहते हैं। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हम सभी को प्रकृति की रक्षा, प्रदूषण को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की दिशा में सार्थक कदम उठाने की याद दिलाता है। यह दिन लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, कचरे को रीसाइकिल करने और प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र के द्वारा स्वागत किया गया तथा उपस्थित लोगों के द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान रितेश सिंह, लंबरदार पासवान, संजय तिवारी, मनीष सिंह के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ज्येष्ठ के चतुर्थ बड़े मंगल पर हुआ भण्डारे का आयोजन




बहराइच। ज्येष्ठ के चतुर्थ बड़े मंगल के अवसर पर शहर के बशीरगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।पूड़ी, सब्जी,छोला व चावल के प्रसाद को लोगो ने खूब छका।भण्डारे से पूर्व श्री चित्रगुप्त भगवान एवं श्री हनुमानजी की पूजा अर्चना व आरती उतारी गयी।भण्डारे की शुरुआत दोपहर से हुई जो रात्रि तक चलता रहा।इस दौरान समाज के अध्यक्ष श्रवण कुमार निगम,राजेश निगम,सुशील श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, रवि मोहन,लव निगम,सभासद हर्षित राज श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव,शिवम श्रीवास्तव,जीतेन्द्र श्रीवास्तव,शेखर श्रीवास्तव,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, सोनी श्रीवास्तव,प्रीति श्रीवास्तव,रितेश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर एनक्वास प्रमाणन के लिए हो रहा तैयार

बहराइच। रिसिया ब्लॉक के हरिहरपुर मजरे में स्थित गोकुलपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर इन दिनों बदलाव की नई इबारत लिख रहा है। यहां आगामी 9 जून को केंद्रीय टीम द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) के अंतर्गत मूल्यांकन होना है। इसके लिए जहां स्वास्थ्य विभाग अपनी तैयारियों में जुटा है, वहीं ग्राम प्रधान भगौती प्रसाद वर्मा की सक्रिय भागीदारी इस प्रयास को एक अलग ही ऊंचाई दे रही है।प्रधान वर्मा बीते आठ दिनों से तैयारियों की कमान संभाले हुए हैं। सीएचओ शमा बानों ने बताया कि ग्राम प्रधान ने केंद्र परिसर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, दीवारों की पेंटिंग, स्वच्छता, शौचालय सफाई, कूड़ा प्रबंधन और ठोस अपशिष्ट निपटान जैसी व्यवस्थाएं व्यक्तिगत निगरानी में पूरी कराईं। इसके अलावा वाटर फिल्टर चैंबर का निर्माण भी कराया गया।एएनएम आरती सिंह, बीसीपीएम वीरेंद्र, सीएचओ सहित आशा कार्यकर्ता और अन्य स्वास्थ्यकर्मी इस सामूहिक तैयारी में लगे हैं। लेकिन ग्राम प्रधान की भूमिका इस व्यवस्था की रीढ़ बनकर उभरी है। प्रधान भगौती प्रसाद का



कहना है, स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ एक भवन नहीं, गांव की सेहत की नींव है। इसकी गुणवत्ता हमारी ज़िम्मेदारी है।गांव के लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद उन्होंने अपने स्वास्थ्य केंद्र को इस रूप में देखा है—साफ-सुथरा, व्यवस्थित और सेवाओं के लिए तैयार।डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि एनक्वास प्रमाणन स्वास्थ्य केंद्रों पर दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। हरिहरपुर आरोग्य मंदिर का यह प्रयास अन्य केंद्रों के लिए भी एक प्रेरक मॉडल बन सकता है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि जनपद के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर हीमोग्लोबिन, प्रसव पूर्व जांच, शुगर, मलेरिया, डेंगू, टीबी, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और सिफलिस सहित 14 प्रमुख जांच सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध हैं। साथ ही, एनीमिया और कुपोषण का इलाज, मासिक धर्म स्वच्छता, परिवार नियोजन, बुजुर्गों की देखभाल और आपात प्राथमिक चिकित्सा जैसी सेवाएं भी दी जा रही हैं। एनक्वास प्रमाणन से इन सेवाओं में गुणवत्ता और भरोसा और अधिक मजबूत होगा।

## कारागार मंत्री ने जिला कारागार में किया ओपन जिम का उद्घाटन एवं पौधरोपण

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने जिला कारागार लखनऊ में पौधरोपण किया तथा नवनिर्मित ओपेन जिम का उद्घाटन किया। जिला कारागार लखनऊ में सौभाग्य फाउंडेशन द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर उन्होंने कारागार परिसर में आम का पौधा लगाया। इसी क्रम में महानिदेशक कारागार श्री पी0सी0मीना एवं उप महानिरीक्षक कारागार श्री रामधानी ने भी पौधरोपण किया। कारागार मंत्री ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी पर्यावरण संरक्षण, मानव स्वास्थ्य के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं और उनके द्वारा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए विभिन्न पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी तथा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू की गई पहल 'एक पेड़ मां के नाम' को आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है, ताकि धरती मां हरी-भरी हो सके। उन्होंने कहा कि कारागार परिसर में 200 अलग-अलग प्रजाति के वृक्ष लगाये जायेंगे। पौधारोपण करने से कारागार के अन्दर हरा-भरा वातावरण रहेगा, जिसका बन्दीगणों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। पौधरोपण के उपरांत मंत्री दारा सिंह चौहान ने जिला कारागार, लखनऊ में नवनिर्मित ओपेन जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी के 'फिट इंडिया मूवमेंन्ट' की भावना के अनुरूप प्रदेश की सभी जेलों पर 'ओपन जिम' स्थापित कराये जा रहे हैं। कारागार में निरुद्ध बन्दी कारागार द्वारा नियत समय के अन्तर्गत व्यायाम करते हुए शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। जेलों में ओपन जिम लगाना केवल एक स्वास्थ्य सुधार की पहल नहीं है बल्कि यह बन्दियों के समग्र विकास, मानसिक शान्ति एवं पुनर्वास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। यह पहल जेलों को सुधारगृह बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कारागार विभाग द्वारा बन्दी कल्याण हित में विभिन्न प्रकार की पहलें की जा रही हैं, जिसमें बंदियों के कल्याण के लिए लाइब्रेरी, पीसीओ, समयपूर्व रिहाई, कॉमन हॉल, कैण्टीन, दूरस्थ शिक्षा और क्रेच जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। योगी सरकार की मंशानुरूप बन्दियों की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए जेलों पर सभी प्रमुख त्योहारों को मनाया जाता है। इसी क्रम में हाल ही में बन्दियों को महाकुम्भ के पवित्र जल से स्नान कराया गया। इस अवसर पर पी0सी0 मीना महानिदेशक कारागार, डॉ रामधनी उपनिरिक्षक कारागार लखनऊ, अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह, जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, सुरेन्द्र मोहन सिंह, मृत्यंजय पाण्डेय सहित सौभाग्य फाउंडेशन के प्रतिनिधि, जेल के कार्मिक तथा निरुद्ध बंदी उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों को वृक्षारोपण के प्रति किया गया जागरूक

बहराइच। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों को पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण के प्रति जागरुक किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स के अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया गया तथा मौजूद अधिकारी / कर्मचारीगण को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलायी गयी । जनपद के समस्त थानों पर भी वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।जिसके तहत समस्त थाना प्रभारी / चौकी प्रभारियों द्वारा थाना परिसर व आसपास विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार वृक्षों को रोपित किया गया।और समस्त प्राणी जगत के जीवन में वृक्षों के महत्व के बारे में संदेश देते हुए समस्त पुलिस कर्मचारियों के साथ आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित कर संपूर्ण विश्व को सुरक्षित बनाए रखने लिए प्रेरित किया।बताया गया कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं, अत: न केवल हमें नियमित तौर पर वृक्षारोपण करना चाहिए बल्कि उसके उपरान्त उसकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है।पर्यावरण को बचाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है तथा हम सभी को भविष्य के दृष्टिगत इस जिम्मेदारी का निर्वहन करना आवश्यक है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी लाइन्स राज सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।



## फेयर एक्सपोर्ट स्लॉटर यूनिट का डीएम व एसपी द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

बाराबंकी जनपद के कुर्सी औद्योगिक क्षेत्र स्थित फेयर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड स्लॉटर यूनिट का बुधवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यूनिट के भीतर संचालित मांस प्रसंस्करण गतिविधियों का संपूर्ण जायजा लिया।पशु कल्याण नियमों,स्वच्छता व्यवस्था,फूड सेफ्टी मानकों और श्रमिकों को उपलब्ध सुविधाओं की गहन समीक्षा की



गई।यूनिट में कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर उनके कार्यस्थल की परिस्थितियों को समझा गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि उन्हें चिकित्सा विश्राम व सुरक्षा जैसी आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। निरीक्षण का विशेष फोकस फेयर एक्सपोर्ट यूनिट से निकलने वाले अपशिष्ट जल पर रहा। जल उपचार संयंत्र(ईटीपी)की कार्यप्रणाली की सूक्ष्मता से जांच की गई तथा मौके पर ही जल की शुद्धता की प्रयोगशाला स्तर पर जांच की गई।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के उपरांत एजेंसी प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्यावरणीय नियमों एवं पशु कल्याण कानूनों का पूर्णतया पालन किया जाए।जल शुद्धता से जुड़ी रिपोर्टें नियमित रूप से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उपलब्ध कराई जाएं और ईटीपी की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।जिससे उत्पादन के साथ-साथ जनहित और पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता मिल सके।पुलिस अधीक्षक ने एजेंसी की सुरक्षा व्यवस्था की जांच करते हुए निर्देश दिए कि परिसर में सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह सक्रिय रहें,प्रवेश-निकास की निगरानी कड़ी हो और सुरक्षा कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी फतेहपुर श्री कार्तिकेय सिंह,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी,उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि सहित तकनीकी अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही।

## योगी के जन्मदिवस पर गौवंश को अर्पित की गई श्रद्धा

कटरा बाजार/गोण्डा । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल ने ग्राम पंचायत नदावा स्थित गौशाला में पहुंचकर संरक्षित गौवंश को गुड़ एवं फल खिलाए और मुख्यमंत्री की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया और मौजूद अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान श्री शुक्ल ने कहा कि गौसेवा हमारी संस्कृति और संवेदना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं गौसेवा को सर्वोपरि मानते हैं, ऐसे में उनके जन्मदिवस पर यह सेवा उन्हें सच्ची शुभकामना अर्पित करने का माध्यम है। ग्राम पंचायत नदावा के प्रधान पुत्र राजेश तिवारी ने जानकारी दी कि गौशाला में संरक्षित गोवंश की देखरेख के लिए हरा चारा, भूसा, पानी और चोकर आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।



उन्होंने बताया कि गौवंश की नियमित चिकित्सकीय जांच भी कराई जाती है, जिससे किसी भी पशु को कोई समस्या न हो । इस अवसर पर ग्रामीणों और पशुप्रेमियों की उपस्थिति में गौसेवा के प्रति एक सकारात्मक संदेश गया, जो समाज में जीवों के प्रति करुणा और उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करता है। केयरटेकर लल्लू , महेश कुमार मिश्रा , जय सियाराम , महादेव उपस्थित रहे ।

वहीं पशु चिकित्सक डॉ एसपी मौर्य बताया ब्लॉक के सभी गौशालाओं में मुख्यमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया है । अस्थाई गौशाला नकहा तथा नगर पंचायत स्थित कान्हा गौशाला में गौवंशो को गुड़ , केला खिलाकर उत्सव मनाया गया । सभी गौशालाओं में गौवंशो की चिकित्सीय परीक्षण कर उनकी स्वास्थ्य की देखरेख की जाती है ।

## नाइट ब्लड सर्वे को मिली नई ऊर्जा

बहराइच। जब शहर गहरी नींद में होता है, तब कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अंधेरे में उम्मीद की मशाल लेकर निकल पड़ते हैं। जनपद बहराइच में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत चल रहा नाइट ब्लड सर्वे ऐसा ही एक प्रयास है। रात की खामोशी में स्वास्थ्य विभाग की टीमें कैम्प आयोजित कर रक्त के नमूने ले रही हैं, ताकि इस मूक बीमारी की समय रहते पहचान की जा सके।इसी क्रम में सोमवार की रात नाजिरपुरा पूर्वी की गलियों में एक अलग ही हलचल थी। स्वास्थ्यकर्मियों के साथ इलाके के सभासद खुद भी मैदान में उतरे। यह केवल एक सर्वे नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक था।सर्वे टीम का नेतृत्व कर रहे फाइलेरिया



निरीक्षक विमल कुमार ने बताया कि सोमवार रात 10 बजे से 12 बजे तक सर्वे का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया, शहरी क्षेत्रों में लोग ब्लड सैंपल देने से हिचकते हैं।
उनका मानना है कि जब कोई लक्षण नहीं हैं तो जांच क्यों कराएं। साथ ही, कई लोग अन्य बीमारियों की दवाओं की मांग करने लगते हैं। ऐसे में मोहल्ला सभासद का सहयोग सराहनीय रहा।सर्वे में सभासदने न केवल टीम को सहयोग दिया, बल्कि स्वयं लोगों के घर जाकर उन्हें समझाया और 136 लोगों के रक्त नमूने लेने में मदद की। शुरुआत में कुछ लोग संकोच कर रहे थे, लेकिन जब उन्होंने देखा कि उनका प्रतिनिधि खुद साथ खड़ा है, तो वे भी आगे आए।सभासद ने कहा, यह सिर्फ सरकारी टीम का काम नहीं है, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर हम बीमारी को जड़ से खत्म करना चाहते हैं, तो हर घर का दरवाजा हमें खुद खोलना होगा। उन्होंने मंगलवार रात को भी सर्वे टीम को सहयोग देने का आश्वासन दिया है।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जो संक्रमित मच्छरों से फैलती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मरीज को 10-15 वर्षों तक इसका पता ही नहीं चलता, और तब तक स्थिति गंभीर हो जाती है। लेकिन समय पर जांच और इलाज से इसे रोका जा सकता है।उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक निर्धारित 9600 लक्ष्य के सापेक्ष 6895 लोगों के रक्त नमूने लिए जा चुके हैं। शेष लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के लिए टीमें लगातार क्षेत्र में कार्यरत हैं।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.द्वारा तरुणमित्र हिन्दी दैनिक के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए आदर्श कुमार इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.- 55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

## जनपद न्यायाधीश ने पौध रोपण कर बताई वृक्षों की उपयोगिता

बाराबंकी उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के मंशानुरूप एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बाराबंकी के तत्वावधान में आज दिनांक-05.06.2025 को प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर,जनपद न्यायाधीश आवास में ऑवला, आम, बरगद एवं अन्य पौधो का रोपण किया गया। प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है,ये दिन इसलिए मनाया जाता है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरूक किया जा सके भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण काफी तेजी से फैल रहा है,इस वजह से हमारी प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के लिए जागरूक करने हेतु पर्यावरण दिवस को मनाया जाता है,इसके माध्यम से लोगो को प्रकृति के प्रति जागरूक किया जाता है और पर्यावरण प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रेरित किया जाता है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है।वातावरण में बढ़ते तापमान के नियंत्रण व उचित वर्षा एवं धरती पर प्राणी मात्र में जीवन हेतु वृक्षारोपण आवश्यक है।पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है।पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल व फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है।पेड़-पौधों से हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है,जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर श्री प्रण विजय सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,श्री श्रीकृष्ण चन्द्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अंजनी कुमार सिंह द्वारा एवं न्यायिक कर्मचारीगण द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

## चोरी की घटना का अनावरण कर दो चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा जनपद में चोरी व लूट की घटनाओं पर रोकथाम लगाने व चोरी व लूट की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर दिनांक 04.06.2025 को चोरी से संबंधित 02 अभियुक्तगण/चोर 1. शाहिद पुत्र स्व0 फिरोज निवासी बेगमगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी, 2. रजत पुत्र स्व0 रवि कुमार निवासी बेगमगंज सराय थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को रेलवे क्रांसिंग बंकी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की दो अदद पायल (सफेद धातु), एक अदद कान का बुन्दा(पीली धातु) व 6,160/- रूपये नगद बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा आस पास के क्षेत्रों में रेकी कर चोरी घटना कारित करते है, दिनांक 03.06.2025 की रात्रि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत दक्षिण टोला स्थित घर से जेवरात व नगदी चोरी किया था। जिस संबंध में



थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 558/2025 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है।

## निजी वाहनों का व्यवसायिक इस्तेमाल करने वाले वाहन सीज



बाराबंकी। निजी वाहनों का व्यवसायिक इस्तेमाल करने वाले वाहनो पर अंकुश लगाने के दिशा मे परिवहन विभाग की कार्यवाही जारी है।परिवहन आयुक्त के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान मे आज बुधवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने विभिन्न मार्गो पर संघन चेकिंग के दौरान 7 प्राइवेट वाहनो का कमर्शियल प्रयोग मिलने पर थानो मे निरुद्ध किया गया।अभियान के दौरान रामनगर तिराहे पर बहराइच की ओर जा रही 1 अनाधिकृत डग्गामार समेत 3 वाहनो को सीज किया गया।

# बीकापुर–रूदौली में कौन होगा सपा का खेवनहार सपा सुप्रीमों किस चेहरे पर जताएंगे भरोसा!

आर एस यादव
विशेष संवाददाता


पारसनाथ यादव सपा जिलाध्यक्ष | फिरोज खान गब्बर | पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव | अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां

**अयोध्या।** पिछले लोकसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे आनंद सेन यादव का टिकट पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने रोक कर एक विशेष रणनीति के तहत दलित समाज से आने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद को प्रत्याशी बनाकर और जनता द्वारा उन्हें जिता कर पूरे देश में भाजपा को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। ऐसे में आनंद सेन यादव की पार्टी के प्रति वफादारी का पुरस्कार तो मिलना ही है। देखना यह है कि उनकी 2027 की विधानसभा की दावेदारी बीकापुर या रूदौली किस विधानसभा क्षेत्र में पूरी होती है। किंतु सेन परिवार के समर्थक बीकापुर से उनकी उम्मीदवारी ज्यादा मजबूत मान रहे है।

आनंद सेन यादव की पारिवारिक पृष्ठभूमि इतनी मजबूत है कि पूर्व सांसद बाबू मित्र सेन यादव जी जनता के समर्थन के बल पर कभी टिकट के मोहताज नहीं रहे। इसी का परिणाम या रहा है कि वह फैजाबाद जैसी लोकसभा से मंडल बनाम कमंडल के दौर में भी सांसद और और विधायक चुने जाते रहे हैं। इस प्रकार उनकी कुल राजनीतिक यात्रा तीन बार के सांसद और सात बार के विधायक पर जाकर समाप्त हुई। समर्थकों का मानना है कि इतनी बड़ी राजनैतिक पृष्ठभूमि का प्रतिनिधित्व करने वाले आनंद सेन यादव को पार्टी नेतृत्व नजरअंदाज नहीं करेगा। पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव स्वयं तीन बार विधायक व ब्लाक प्रमुख रहे है। इनकी पत्नी डॉ इन्दुसेन यादव भी पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं कई बार जिला पंचायत सदस्य व पुत्र अंकुरसेन यादव अयोध्या में सपा समर्थित इकलौते ब्लाक प्रमुख है।

वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी समाजवादी पार्टी में टिकट की दौड़ में किसका खेल बिगाड़ेंगे। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में लंबे अंतर से समाजवादी पार्टी की हार के बाद अब पार्टी में विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदारों को लेकर नई बहस शुरू है। विधानसभा चुनाव में लगभग डेढ़ वर्ष अभी बाकी है। रुदौली विधानसभा सीट से पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी की समाजवादी पार्टी घर वापसी के बाद टिकट के मजबूत दावेदारों में वह शामिल हैं। रुश्दी के साथ जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव का भी नाम है। लेकिन उनका नाम रुदौली से नहीं बल्कि गोसाईगंज विधानसभा सीट के लिए चर्चा में है।

रुश्दी दो बार सपा के टिकट पर विधायक रह चुके है। 2022 में टिकट न मिलने पर बसपा से उम्मीदवार बने जिसमें एक ओर इन्हें भारी बहुमत से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर इन्होंने सपा उम्मीदवार आनंदसेन यादव को भी विधानसभा जाने से रोक दिया। लेकिन बसपा से चुनाव लड़े रुश्दी व सपा प्रत्याशी आनंदसेन यादव के मतों का अंतर एक हजार से भी कम रहा। सपा प्रत्याशी आनंद सेन को उनसे करीब सात सौ से ज्यादा वोट मिले थे। रुश्दी का यह वोट बसपा के जिले की अन्य चार विधानसभा सीटों से सर्वाधिक रहा। यही वोट लोकसभा चुनाव में रुश्दी की घर वापसी कराने में मददगार बना। 2027 विधानसभा चुनाव की रुदौली सीट से रुश्दी को मजबूत दावेदार माना जाने लगा। कयास लगाया जा है कि चुनाव लड़ने के लिए ही इनकी घर वापसी हुई होगी। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव की भी छवि राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने मजबूती के साथ उभर कर आई है। उनके समर्थक गोसाईगंज विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने को कहते हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से जीते अभय सिंह अब पूरी तरह सत्तारूढ़ भाजपा के हो चुके हैं। ऐसे में गोसाईगंज के लिए पार्टी को नए उम्मीदवार की तलाश होगी जिसे लेकर पारस यादव के दावेदारी की चर्चा होने लगी है।पार्टी के भीतर चर्चा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एक ही बिरादरी दो उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतरना संभव नहीं। चाहे वह पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव हो या पारसनाथ यादव,रुश्दी हो या फिर रुदौली व बीकापुर विधानसभा सीट से बसपा/सपा उम्मीदवार रहे हाजी फिरोज खान गब्बर हों। पार्टी में अब इन चारों के आने वाले विधानसभा टिकट को लेकर अटकलें शुरू हैं। हालांकि जब तक टिकट की घोषणा नहीं हो जाती है तब तक धुंध रूपी बादल छाये रहेंगे।

# राष्ट्र निर्माण नशा मुक्त समाज से ही संभव : शंभूनाथ दीपू

### प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ब्लॉक मुख्यालय पूरा बाजार की शाखा सहित ग्रामीण अंचल में जलाई नशा मुक्ति की मशाल



**पूरा बाजार अयोध्या।** राष्ट्र निर्माण सभी और नशा मुक्त समाज से ही संभव है नशा मूल रूप से सभी अपराधों का जनक है सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय विश्व कल्याण की अवधारणा को अपने मन मस्तिष्क में समेटे विश्व की सर्वोत्तम मानव निर्माण की अनूठी पाठशाला जो की संस्कारिक शिक्षा आध्यात्मिक शिक्षा ध्यान योग मेडिटेशन के माध्यम से दुनिया से नशा मुक्ति का अभियान राजस्थान की धरती माउंट आबू से चलकर अयोध्या में नशा मुक्ति की मसाल जले है निश्चित है देश–विदेश ही नहीं अपितु विश्व का हर मानव ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नियमित योग साधना में अपनी सहभागिता कर नशा मुक्त समाज की स्थापना में अपने सहयोग की आहुति डालकर नशा मुक्त समाज का अभिन्न अंग बनेगा। यह बात समाजसेवक बाबू जगजीवन सिंह शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान पूरा बाजार के युवा हस्ताक्षर संस्थान के संस्थापक पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू ने श्री रामलीला संघ पूरा बाजार के सन्निकट आयोजित नशा मुक्ति की अलग जगह रे माउंट आबू और अयोध्या सहित क्षेत्र के करीब दो दर्जन शाखा प्रभारी के मध्य नशा मुक्ति अभियान के साक्षी बने हजारों लोगों के मध्य अपने विचारों से रूबरू कराते हुए कहा वही विजय व्यास ने कहा विश्व स्तर पर या संदेश जाना चाहिए कि नशा मानवता का दुश्मन है इसे उखाड़ फेंकना देश के हर नागरिकों का अधिकार कर्तव्य दोनों है। किसी कड़ी में माउंट आबू से गांव गली नगर शहर में कुंभकरण की झांकी के माध्यम से माउंट आबू से अयोध्या की धरती पर पहुंची बहनों ने शिव परमात्मा का संदेश दिया और मनुष्य के अंदर पनप रहे को विचारों के दामन हेतु मानवता की सीख प्रदान करते हुए परमात्मा के संदेश को अपने जीवन में उतरने की सिख दिया। डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेज ने कहा कि बीके रेणु दीदी के संरक्षण तथा संवर्धन में जहां क्षेत्र के नागरिकों को मानवता का संदेश देकर उन्हें पूर्ण मनुष्य बनाने का कार्य किया जा रहा है वही परमात्मा भगवान शिव का अलौकिक संदेश किस प्रकार से जीवन में उतरे उसके लिए उन्होंने ध्यान योग साधना किस प्रकार से करें किस प्रकार हम परमात्मा शिव और ब्रह्मा जी से अपना तार जोड़ इस पर उन्होंने व्यापकता से रोशनी डाली। बीके शशि दीदी ने कहा कि आध्यात्मिक शिक्षा बौद्धिक शिक्षा मेडिटेशन और भगवत शरण को कैसे प्राप्त किया जाए नशा रूपी दानव से देश को कैसे बचाया जाए इस पर उन्होंने कहा भारत नशा को अपने देश से ही नहीं समूचे विश्व से नेशनल बूथ करने का कार्य करेगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ब्रांच पूरा बाजार की प्रभारी बीके रेणु दीदी ने अपना उधर व्यक्त करते हुए कहा नशा करने वाले मानव का मन मस्तिष्क पाटन की ओर अग्रसर होता है और उसमें काली रूपी रावण का समावेश हो जाता है इस कलुस्था से बचने के लिए हमें नशा त्याग कर बौद्धिक और आध्यात्मिक चेतना की ओर अपने ज्ञान को केंद्रित करना होगा इसका सशक्त माध्यम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ही है बीके दीदी रेनू ने आगे कहा काली तो संघर्षों का युग है राम राज्य क्यों आएगा हर प्राणी जब राम बनेगा राम राज्य कब आएगा राम राज्य की स्थापना ईर्ष्या अहंकार के समापन से ही संभव है बड़ी दीदी बीके शशि ने सभी बहन ब्रह्माकुमारियों और ब्रह्मा कुमारन के प्रति हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में पहुंचे हजारों हजार लोगों को नशा न करने का सौगंध दिलाया कार्यक्रम रात्रि 10.00 बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम के इस मौके पर बीके बब्बन गुप्ता बीके शशि शैलजा अर्चिता शीला जितेंद्र मुकेश विजय कुमार संतराम रामविचार सत्यनारायण सिंह देवेंद्र प्रदीप सहित संस्थान मैं तमाम ब्रह्मा कुमार और ब्रह्मा कुमारीज भाइयों बहनों ने कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम के साक्षी रहे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नशा मुक्ति आंदोलन में अभिव्यक्ति देते उपस्थित अतिथिजन माउंट आबू प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजस्थान तथा ग्रामीण अंचल पूरा बाजार अयोध्या ब्रांच अध्यात्म और ज्ञान के माध्यम से लोगों का दिशा बोध कराती शाखा की संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रभारी रेनू दीदी व अन्य भाई बहन ने हरी झंडी दिखाकर माउंट आबू से आए वाहन को नशा मुक्ति कि संचार हेतु अग्रसर करते मुख्य अतिथि शंभू नाथ दीपू पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा शाखा के ब्रह्मा कुमार और ब्रह्माकुमारी ने हरी झंडी दिखाकर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने ओम शांति के महामंत्रण से बिल्हार घाट रसड़ा खजुराहो नारद शांतिपुर कस्तूरी पुर ज्ञानापुर की ओर कराया अग्रसर। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा पूरा बाजार के ब्रह्माकुमारी और ब्रह्मा कुमार भैया बहन द्वारा निरंतर पांच दिवस तक वृक्षारोपण करने का व्रत लिया।

# नगर के समुचित विकास और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए यह बजट एक महत्वपूर्ण कदम : शबाना

### नगर पालिका टाण्डा की बोर्ड बैठक सम्पन्न



**टांडा अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद टांडा की बोर्ड बैठक सोमवार को नगर पालिका परिषद टाण्डा की अध्यक्ष श्रीमती शबाना नाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वित्तीय वर्ष 2025 –26 का वार्षिक मूल बजट लगभग 58 करोड़ रुपये का बजट लगभग 13 सभासदों की बहुमत के आधार पर पास किया गया। इस बजट में नगर के समग्र विकास, साफ–सफाई, जल निकासी, सड़कों के निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा, नगर के टैक्सी स्टैंड की पिछली नीलामी प्रक्रिया को बोर्ड द्वारा मंजूरी असमंजस ने रही क्योंकि मंडी नगर से बाहर हो जाने के कारण टैक्सी स्टैंड की वसूली आय कम हो गई है जिसके कारण कई नीलामी रखगी गई लेकिन 72 लाख से ऊपर नहीं चढ़ सकी थी जिसके कारण नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा वसूली की जा रही थी जो प्रतिदिन का 19 हजार458 रूपए के हिसाब से जोड़कर 300 सौ दिनों का 72 लाख 25 हजार पर सहमति जताते हुए स्वीकृत कर ली गई । क्योंकि पिछली बार टैक्सी स्टैंड की नीलामी में 72 लाख 25 हजार रुपये की उच्चतम बोली लगाई गई थी, उसी पर सर्वसम्मति से स्वीकृत प्रदान की गई। इससे नगर पालिका को राजस्व में वृद्धि होगी। वही हाउस टैक्स की दरों पर चर्चा की गई क्योंकि समय के आभाव में नही हो पाई वही लगभग 11 सभासदों ने बोर्ड छोड़ दिया और बार चले गए जिसके कारण हाउस टैक्स की दरों में प्रस्तावित बदलावों पर चर्चा जरूर हुई, लेकिन कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका। यह मुद्दा आगामी बोर्ड बैठक में फिर से रखा जाएगा और विस्तार से विचार के बाद निर्णय लिया जाएगा। हालांकि नगर पालिका अध्यक्ष शबाना नाज़ ने कहा नगरक्षेत्र की जनता को जलकर गृहकर में अधिक से अधिक सहूलते दिलाने का वादा किया है जिसे कम से कम ही कराने कोशिश है। साथ ही पालिका अध्यक्ष शबाना नाज़ ने कहा कि नगर के समुचित विकास और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए यह बजट एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सभासदों द्वारा विभिन्न वार्डों की समस्याओं को लेकर दिए गए सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया है, और संबंधित कार्यों को बजट में शामिल किया गया है। साथ ही चेयरमैन श्रीमती शबाना नाज़ ने उपजिलाधिकारी/ प्रभारी नगर पालिका परिषद टाण्डा अधिशाषी अधिकारी श्रीमती रेनू सिंह का धन्यवाद ज्ञापित क्योंकि इस बार के निकाय चुनाव के बाद पहली यह बोर्ड थी जो शांतिपूर्ण वातावरण सकुशल सम्पन्न हुई और नगर क्षेत्र के विकास के हर बार आड़े आने वाला बटज नही आड़े आया हालांकि इस बीच एक ग्रुप लगभग 11 सभासदों ने बीच में ही बोर्ड बहिष्कार कह कर सदन से बाहर चले गए लेकिन अध्यक्ष सहित कुल 14 लोग सदन में मौजूद रहे जिन्होंने सहमति जताई और बजट पास किया जिसमें मुख्य रूप से मौजूद रहे सभासद घिसियावन मौर्या, अशीष कुमार यादव, दशरथ मांझी, जुल्फेकार लल्लू, अल्लाबक्स, अमिचंद, मास्टर मोहम्मद तारिक, राकेश गुप्ता, शायरों बानो, साजिदा खातून, खदीजा खातून, नदीम अख्तर, जुलेखा खातून, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शबाना नाज़ बोर्ड में अंत तक उपस्थित रही। बोर्ड छोड़कर जाने वाले सभासदों के नाम जमाल कामिल, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद नसीम, नवाब, मोहम्मद जाहिद उर्फ छोटू, शकील अहमद, पुष्पा देवी, पूनम सोनी, फिरोज़ जहां, मेहरून्निशा, मेवालाल, जिन्होंने बीच में बोर्ड छोड़ दिया और बोर्ड का बहिष्कार कह कर सदन से बाहर चले गए ।

## बकरीद को देखते पुलिस ने किया फ्लैगमार्च



**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के नेतृत्व में टांडा नगर व मुबारकपुर कस्बे में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल व नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे उन्होंने फ्लैग मार्च किया बकरीद का पर्व सकुशल सम्पन्न हो इसी संदर्भ में अधिकारी गण मौके पर लगे रहे ।अधिकारियों ने नगर की साफ सफाई के साथ ही लोगों से शान्ति के साथ आपसी भाईचारा और मुहब्बत के साथ त्यौहार को मनाने की अपील किया साथ ही सभी को एक दूसरे की भावनाओं का भी ख्याल रखने की बात कही गई इस मौके पर उपजिलाधिकारी टांडा श्रीमती रेनू कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी, एस ओ अलीगंज भूपेन्द्र सिंह, नगर पालिका के जेई नितेश कुमार मौर्य, निशांत पाण्डेय, सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अफसरों ने इटौरा जामा मस्जिद का किया निरीक्षण




**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर अनुपम शुक्ला सीडीओ अंबेडकरनगर आनंद कुमार शुक्ला कीं निर्देश पर आगामी बकरीद त्यौहार को देखते हुए साफ सफाई को देखते हुए बुधवार को दोपहर में अकबरपुर विकासखंड के एडियो पंचायत अकबरपुर प्रभात सिंह अपनी टीम के साथ सिकंदरपुर ईदगाह इटौरा जामा मस्जिद सिकंदरपुर जैसे गांव में पहुंचकर निरीक्षण किया वहीं सिकंदरपुर ईदगाह ईदगाहों पर साफ सफाई देखते हुए काफी खुशी जाहिर की एसडीओ पंचायत अकबरपुर प्रभात सिंह ने ग्राम प्रधानों को कड़ा निर्देश दिया की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देंगे लापरवाही नहीं करेंगे वही ग्राम पंचायत सचिव सिकंदरपुर अमरजीत शर्मा ग्राम पंचायत सचिव रुस्तमपुर अशरफपट्टी विकास श्रीवास्तव अपने–अपने ग्राम पंचायत में पहुंचकर साफ सफाई करने को मौजूद ग्राम प्रधानों को निर्देश दिया की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देंगे इस मौके पर ग्राम प्रधान सिकंदरपुर नसीम गुड्डू ग्राम प्रधान रूतमपुर अशरफपट्टी अमरजीत ग्राम प्रधान जैनापुर शरीफ वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद रजा हैदर आदि कर्मचारी लोग गांव के मौजूद थे।

## थाना हंसवर का किया औचक निरीक्षण

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार के निर्देश पर बुधवार को देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार द्वारा थाना हसवर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा थाना हंसवर परिसर में थाना कार्यालय बैरिक आवास हवालात कंप्यूटर कच्छ सीटीएनएस महिला हेल्प डेस्क प्रभारी निरीक्षक कक्ष कार्यालय भोजनालय नवीन बैरिक तथा थाना हसवर परिसर में साफ सफाई को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक हंसवर वीरेंद्र बहादुर सिंह के कार्यों की काफी प्रशंसा की इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय सोनी उपनिरीक्षक संजय सिंह दिवान मुंशी पलिसकर्मी आदि मौजूद थे।



# करभ मेमोरियल सेंटर ने लगाया नि :शुल्क चिकित्सा शिविर

### 130 पुलिस कर्मियों का हुआ परीक्षण,रविवार को कोतवाली बीकापुर में होगा चिकित्सा शिविर का आयोजन

विशेष संवाददाता



अयोध्या। पुलिस कर्मियों के समक्ष उनकी कठिन ड्यूटी के कारण आने वाली स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए थाना पूराकलंदर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन करमभ मेमोरियल उपकार ऑर्थो मेडिकल सेंटर नाका बरमबाबा द्वारा किया गया। चिकित्सा शिविर में थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह के अलावा संतोष कुमार सिंह, अशोक राय, पूर्णिमा सिंह, राहुल, खुशबू यादव, देवेंद्र सिंह, हरेंद्र यादव, बीना पांडे, पवन मौर्य, गजेंद्र प्रताप सिंह, विशाल गुप्ता, परमजीत पांडे, हरिओम उपाध्याय, सर्वेश मिश्रा, मनजीत चौधरी, बृज बिहारी व सौरभ मिश्रा सहित 130 पुलिस कर्मियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस शिविर में बढ़–चढ़कर भाग लिया।

चिकित्सकों ने शिविर में आए पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। डॉक्टर एस के यादव ने बदलते मौसम में खान–पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने लंबे समय तक बुखार या खांसी होने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी। डॉक्टर एसके यादव यादव ने बताया कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से अपने स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति का पता चलता है। इससे समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं। साथ ही, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी सलाह और मार्गदर्शन भी मिलता है। श्री यादव का मानना है कि पुलिस विभाग के पास जन सेवा में बहुत व्यस्त होने के कारण अपने परिवार तथा अपने स्वास्थ की अनदेखी कर देते है।

इसीलिए हमने संकल्प लिया है कि जिले के सभी पुलिस थानों के स्टाफ की हेल्थ चेकअप किया जाए जिसमें रुदौली रौनाही और पूरा कलंदर थाने में सिविल लगाकर पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जा चुका है।चिकित्सीय टीम में डॉक्टर एस के द्विवेदी, डॉक्टर यदुनाथ शुक्ला एवं सहायक डॉक्टर शुभम यादव ने अपनी सेवाएं दीं।

# अलग–अलग अपराध में वारंटी गिरफ्तार






**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री हरेन्द्र कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़/गिरफ्तारी वांछित/वारण्टी हेतु चलाये जा रहे अभियान क्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल कार्यवाही निम्नवत है। थाना मालीपुर में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 106/15 धारा 323/504 भादवि थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर से सम्बंधित 02 नफर वारण्टी 01.वसन्ते उर्फ वंसत लाल पुत्र तीजू 02. लालमणि उर्फ लालमन पुत्र कुन्जल उर्फ कुन्जी निवासीगण ताहापुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर को उनके घर के बाहर से समय 06.15 बजे व 06.35 बजे गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

इसी क्रम में थाना को0 जलालपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र देखभाल व तलाश वांछित अभियुक्त चेकिंग के दौरान मुखबीर खास सूचना पर थाना क्षेत्र के पक्का पुल वाजिदपुर के पास से समय करीब 03.50 बजे अभियुक्तगण उपरोक्त को किया गया गिरफ्तार । जिसके सम्बंध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 149/2025 धारा–191(2)/333/115(2)/303(2)/351(2)/74/324(4)/70(2)BNS व 5/6(G) पाक्सो एक्ट बनाम अभि0 राकेश कुमार पुत्र विजय कुमार उम्र 30 वर्ष 2.शिवम पुत्र राजू उम्र 28 वर्ष निवासीगढ़ शाहपुर फिरोजपुर थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

इसी क्रम में जनपद अम्बेडकरनगर थाना कटका पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 23/2025 धारा 281/125/352/309(4) BNS से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अनुज यादव पुत्र मोती यादव को किया गया गिरफ्तार। दिनांक 14.02.25 को वादी पवन निषाद पुत्र लाले निषाद ग्रा0 सेमरा थाना कटका जनपद अम्बेडकरनगरने थाना कटका पर तहरीर दी कि दिनांक 14/2/2025 बावत विपक्षीगण द्वारा सफेद रंग की इनोवा गाड़ी नं0 UP53DB 1154 से लापरवाही पूर्वक चलाकर वादी की मो0सा0 नं0– UP45J3391 को टक्कर मारकर गिरा देना व गाली गलौज देते हुये वादी की मोटर साइकिल को जबरदस्ती अपनी इनोवा गाड़ी मे रखकर लेकर चले जाने के सम्बन्ध मे दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कटका पर मु0अ0सं0 23/2025 धारा 281/125/352/309(4) BNS बनाम 1 बनाम– सफेद रंग इनोवा गाड़ी नं0– UP53DB1154 पर बैठे तीन व्यक्ति नाम पता अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया ।


## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान् अपर उपजिलाधिकारी अकबरपुर महोदय अम्बेडकरनगर

वाद संख्या–911/2024

कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या–T202404040100911

धारा–134 उ0प्र0रा0स0

तारीख पेशी–10.6.2025 ई0

गोरेलाल बनाम रामजियावन आदि

बनाम–1 रामजियावन पुत्र मूलचन्द निवासी मौजा नासिरपुर बरंवा मशमूले विजयगाँव परगना व तहसील अकबरपुर जिला अम्बेडकरनगर, 2 राज्य उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्टर महोदय, अम्बेडकरनगर, 3 नगर पालिका परिषद अकबरपुर द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर, अम्बेडकरनगर–प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 10 माह 06 सन् 2025 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख 05 माह 06 सन् 2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान् अपर उपजिलाधिकारी अकबरपुर महोदय अम्बेडकरनगर

वाद संख्या–886/2024

कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या– T202404040100886

धारा–116 उ0प्र0रा0सं0

तारीख पेशी–9.6.2025 ई0

ठाकुर प्रसाद बनाम जियालाल आदि

बनाम–1 जियालाल पुत्र जगत, 2 सरजूदेई पत्नी जगत 3 रामराज पुत्र खेलई 4 छंगू पुत्र लल्लू 5 रामजियावन पुत्र खेलई 6 शिवपाल पुत्र जगत, 7 केशव प्रसाद पुत्र राम अछैवर 8 पार्वती उर्फ लालमती पत्नी पारसनाथ 9 मनोज कुमार पुत्र पारसनाथ 10 रमेश कुमार पुत्र राम अछैवर 11 राजपति पुत्र राम अछैवर 12 विनोद कुमार पुत्र पारसनाथ समस्त निवासीगण ग्राम सिसानी अखईपुर पोस्ट जाफरगंज, परगना व तहसील अकबरपुर जिला अम्बेडकरनगर 13 भूमि प्रबन्धक समिति द्वारा ग्राम प्रधान सिसानी अखईपुर परगना व तहसील अकबरपुर, जिला अम्बेडकरनगर–प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 09 माह 06 सन् 2025 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख 05 माह 06 सन् 2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी. डि. अयोध्या द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

अ. प्र. वाद सं.– 21/25

तारीख पेशी – 11.07.25

सावित्री देवी पत्नी स्व. रामबरन निवासी ग्राम दुल्लापुर परगना बसौढ़ी तहसील रुदौली, जनपद अयोध्या...........प्रार्थी

बनाम

सरकार........................विपक्षी

प्रकाशन हर आम व खास

चूंकि प्रार्थी ने अपने मृतक रामबरन पुत्र स्व. बाबादीन को देय ऋणों एवं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र की अभिप्राप्ति के लिए प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा– 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 ई० में आवेदन किया है।

चूंकि श्री प्रार्थी उपरोक्त ने उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन किया है और वर्ष 2025 के माह 07 के दिवस 11 को आवेदन की सुनवाई के लिए तिथि निश्चित की गयी है।

अत: यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा सिविल जज सी. डि. अयोध्या के न्यायालय में दिनांक 11.07.25 को अपरान्ह 10.30 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना–पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 30.05.25 ई. को मेरे द्वारा हस्ताक्षरित तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान प्राधिकारी पी.डब्लू.एक्ट/उपश्रमायुक्त अयोध्या

ता0 पेशी0 13.07.2025

प्रदीप साहू.............वादी

बनाम

रमेश सिंह पुत्र आदित्यनारायण सिंह प्रो.हरिओम प्रापर्टी डीलर शॉप नम्बर 7 ए/गुरुनानक मार्केट करोलबाग, नई दिल्ली एवं प्रो.मे.रमेश बिल्डिंग मटैरियल सप्लायर्स शंकरपुर पोस्ट मियागंज तहसील व थाना बीकापुर, जिला अयोध्या..........प्रतिवादीगण

बनाम–1.सुधीर प्रदीप शुक्ला पुत्र श्यामा प्रसाद प्रदीप 2.श्रीमती शकुन्तला देवी उर्फ मंगला प्रदीप पत्न सुधीर प्रदीप शुक्ला निवासीगण ग्राम मवई खुर्द पोस्ट मवईकला परगना पश्चिमराठ तहसील मिल्कीपुर जिला अयोध्या.......विपक्षीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 07 के 13 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 05 के 30 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# तरुणमित्र

**शुक्रवार, 06 जून 2025**

संवत- 2081, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 11


# पाक का दूसरा नाम आतंकवाद

*पाकिस्तानी सरकार, सेना और आतंकियों के गठजोड़ की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं और भारत के इस दावे की पुष्टि कर रही हैं कि आतंकवाद इस्लामाबाद की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। ताजा सबूत वह रैली है, जिसमें पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब के स्पीकर मलिक अहमद खान ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों- सैफुल्लाह कसूरी और तलहा सईद के साथ मंच साझा किया। इससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को दुनिया बेहतर ढंग से समझ सकती है। सीमा पर टकराव के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी सेना की कथित जीत का जश्न मनाने के लिए वैश्विक स्तर पर घोषित आतंकी घूम-घूमकर रैलियां कर रहे हैं, वह इस्लामाबाद के इस झूठ की पोल खोल देता है कि पहलगाम के पीछे उसका हाथ नहीं। खुद को विजेता साबित करने के उतावलेपन में पाकिस्तान ने अपना नकाब हटा दिया है। याद है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें दिखा कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अफसर, हुक्मरान शामिल हुए थे। आतंकी हाफिज अब्दुल रऊफ ने जनाजे की नमाज पढ़ाई थी। सैफुल्लाह कसूरी पहलगाम का मुख्य साजिशकर्ता है और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा में उसकी हैसियत डिप्टी चीफ की बताई जाती है।*

*इसी तरह तलहा सईद लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बेटा है। भारत और अमेरिका ने इसे ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव रखा था, पर चीन ने बचा लिया। वहीं, अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी मुजम्मिल हाशमी भी सार्वजनिक रूप से भारत को चुनौती देता नजर आया है। ये आतंकी भारत में अस्थिरता और आतंकवाद फैलाने की कोशिशों का समर्थन ही नहीं कर रहे, बल्कि उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि बांग्लादेश में पिछले साल हुए तख्तापलट में इनका हाथ था। शुरू से यह अंदेशा जताया जा रहा था कि शेख हसीना सरकार के खिलाफ खड़े हुए आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतें थीं और अब यह साबित हो रहा है। पाकिस्तान को लगता है कि ढाका में कट्टरपंथियों को मजबूती मिलने से 1971 की उसकी हार का बदला पूरा हो जाएगा। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं। वहां की स्टेट पॉलिसी में आतंकियों के दखल और असर को देखते हुए वैश्विक बिरादरी को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ख्रअस्र की इस महीने होने वाली बैठक में भारत यह मुद्दा उठा सकता है ताकि पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डाला जा सके। दूसरे देशों को भी भारत का साथ देना चाहिए क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई साझा है।*

# ...आज का दिन...

**मेष**- दिन शुभ, आकस्मिक लाभ का सुयोग, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, बुद्धि का विकास, व्यक्तिगत समस्याओं में कमी, व्यावसायिक क्षेत्र में अनुकूलता।

**वृषभ**- व्यापारिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कार्य क्षमता में वृद्धि।

**मिथुन**- किसी योजना को लेकर परेशान, शारीरिक मानसिक कष्ट, वैवाहिक अड़चनें, उत्पन्न, मित्रों-परिजनों से तनाव की स्थिति, अपेक्षित सहयोग का अभाव।

**कर्क**- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, समस्या का समाधान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, शत्रु परास्त, नौकरी में प्रोन्नति, मनोबल में वृद्धि।

**सिंह**- प्रगति का सुयोग, सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, पारस्परिक सम्बन्धों में अनुकूलता।

**कन्या**- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, नवसम्पर्क, भौतिक सुख के साधन सुलभ, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, संभावित यात्रा संतोषजनक।

**तुला**- व्यावसायिक चिन्ता, पारिवारिक उत्तरदायित्व को निभाने हेतु व्यय, प्रियजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, मेल-मिलाप में अरुचि, बौद्धिक क्षमता में कमी का अहसास।

**वृश्चिक**- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।

**धनु**- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, अधूरे कार्य बनने की ओर, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

**मकर**- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भौतिक सुख के साधन सुलभ, परिवार में खुशी।

**कुम्भ**- कार्यों के प्रति असंतोष, व्यावसायिक हानि, परेशानियों के कारण स्वयं की प्रतिभा कुंठित, आपसी तालमेल का अभाव, जीवन साथी से मतभेद, धन लाभ में कमी।

**मीन**- दिनमान अनुकूल, प्रियजनों के माध्यम से कार्यसिद्धि, बकाए धन की प्राप्ति, व्यक्तित्व का विकास, सुसंदेश की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, संत-समागम।


**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722


# अपनी प्राचीन ज्ञान परम्परा से ही पर्यावरण का संरक्षण करें



हमारे यहां कहा जाता है कि पेड़ जितना बड़ा होता है उसकी जड़ें उतनी ही गहरी होती हैं, ठीक यही बात भारत के परिप्रेक्ष्य में भी है, भारतीयता और भारतीय संस्कृति की जड़े इतनी नीचे गहराई तक हैं कि वे संपूर्ण विश्व के पोषण हेतु समर्थ है, लेकिन जिस प्रकार बरगद की शाखाओं में वृद्धि होती रहती है, वैसे ही वैश्वीकरण की तरफ भारत भी बढ़ा और आधुनिकता को स्वीकार करता चला जा रहा है, और यह वैसे ही है, जैसे जिस डाल पर व्यक्ति बैठा हो और उसी को काट रहा हो, यही बात पर्यावरण और उसके संरक्षण के संदर्भ में भी लागू हो रही है।

यह वही भारत है जहां कहा गया है" माताभूमिपुत्रोअहंपृथ्वीयाम( अथर्वेद12/1/12) अर्थात पृथ्वी हमारी माता है,हम उसके पुत्र हैं, श्री मद्भगवगीता पुरूष-प्रकृति की चर्चा है और प्रकृति को 'गर्भस्था' अर्थात सबकी उत्पत्ति कारिणी माना गया है। हमारे शास्त्रों में इस सम्पूर्ण जीवन तंत्र का निर्माण पंच-महाभूत की अवधारणा से है, जिसे हम पारस्थितिकी कहते हैं, इसके ब्रह्मांडीय तत्व पृथ्वी, जल,अग्नि, वायु, आकाश हैं इनकी रक्षा करना हमारा मूल धर्म है। हमारे शास्त्रों में, उपनिषदों में विशेष कर 'ईशावास्योपनिषद' में कहा गया है आपकी आवश्यकता भर ही आपका अधिकार है, खाने के लिए जीना महापाप बताया गया है जीने के लिए खाने की बात ही श्रेयस्कर है। कर्म, त्याग, अहिंसा, सत्य, संतुलन, समदर्शी भावना ही श्रीमद्भगवगीता का मूल है,जो जीवन जीने की उत्कृष्ट राह है। हमारे कर्म कांड का शान्तिमन्त्र, पृथ्वी, जल आकाश, बनस्पति सबमें शांति अर्थात यथोचित रहने के संकल्प की बात करता है।भारत की संस्कृति में ऋषि और कृषि दो ही प्रधान व्यवस्था थी, ऋषि मानवोचित कार्य के लिए और कृषि धारणीय विकास के साथ जीवन यापन हेतु थी, परन्तु जब हमारी पिपासा बढ़ी हमने अपनी कल्प-कल्पान्त की परम्पराओं को स्वयं छिन्न भिन्न करना शुरू कर दिया,परिणाम स्वरूप प्राकृतिक आपदाओं के क्रूर तांडव हमारे सामने है, जैव विविधता का छरण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग सब कुछ दंश हमारे अपने बनाये हुए हैं जिसमे हम स्वयं उलझ गए हैं। काप 29 सम्मेलन, जलवायु सम्मेलन, ब्रिक्स सम्मेलन, एजेंडा 21 आदि सब निष्क्रिय से हो गए हैं। इन सबमे, आज अमेरिकी सरकार द्वारा ऐसे प्रयासों पर घोर कटौती कर मानो विश्व को ही बर्बादी की राह फेंक दिया है।

हम दुनिया के 2.4 प्रतिशत क्षेत्रफल में 18 प्रतिशत आबादी वाले देश हैं, हमें स्वयं इस पर आगे आना होगा, हमारे यहां 1850 तक आधा बन अर्थात 'आधी खेती आधी बारी' थी आज बन मात्र 19 प्रतिशत रह गए है। आज हमारी उपभोग पिपासा लाखों गुनी बढ़ गयी है, वैभव, विलास के विविध पक्षों ने प्रकृति के ताने बाने को नष्ट कर दिया है, हम जंगल काट रहे हैं। नदियों में कचरा डाल रहे है, श्रृंगार और जीभ के स्वाद हेतु विविध प्रजातियों के जीवों को मार रहे हैं, रोज पृथ्वी का सीना चीरकर अंधाधुंध पानी, और खनिज निकाल रहे है, कभी नही सोचते हमारी अगली पीढ़ी का क्या होगा, हम उनके लिए कौन सी विरासत छोड़ रहे है। पर्यावरण संरक्षण कानून 1986 और उसके बाद से बहुत से कानून और योजनाएं आयी पर मानव मन न तो शांत हुआ और न उसकी हवस पर अंकुश ही लगा वह वैध से अवैध की तरफ भी जाकर अपनी अतृप्त आवश्यक ताओं को पूरा करने में लगा ही हुआ है।

इसका समाधान अन्यत्र नही, हमारी अपनी ज्ञान परम्परा में ही है, यह वही ज्ञान परम्परा है जहां पृथ्वी माता, बनस्पति, जल,अग्नि, वायु आदि देवता है, नदियों को माता माना जाता है।

"दश कूपो समो वापीन्दश वापी समो ह्रदः।

दश ह्रदःसमो पुत्रः दश पुत्रो समः द्रुमः।।

अर्थात एक वृक्ष दश पुत्र समान है,गीता में भगवान कृष्ण कहते है मैं ही पीपल हूँ,वो बन में लगी दावाग्नि को बुझाने हेतु आग का पान करते हैं,जल शोधन हेतु विषपान करते हैं। यह वही भारत है जहां सम्राट अशोक द्वारा पहला वन्य जीव संरक्षण कानून बनाया गया था। जहां व्याध द्वारा मात्र एक क्रौंच पक्षी को मारने पर दुनिया का सबसे बड़ा काव्यग्रन्थ 'रामायण' लिख दिया गया। लंका विजय, समुद्र सेतु निर्माण जैसी बड़ी-बड़ी परियोजनायें स्वदेशी सहारे ही पूरी की गई। प्रदूषण रहित सभ्यता के हम जनक रहे हैं। यहां जल कलश में देवताओं का वास माना जाता है। हमारी वृक्ष,नदी, पर्वत पूजा सभी पर्यावरण संरक्षण हेतु थी। आइए हम समावेशी और धारणीय विकास की भारत की उस परम्परा का पालन करें जो महात्मा विदुर ने महाभारत में कहा है- "यथा मधु समादत्ते रक्षणपुष्पाणि षट पदः"

अर्थात जिस प्रकार भौरा पुष्पों का रस लेकर मधु प्राप्त कर लेता है, जिसमें पुष्प की छति भी नही होती है और भौंरे को मधु भी मिल जाती है,ठीक उसी प्रकार हमें भी अपनी प्रकृति से उतना ही प्राप्त करना चाहिए जितने से जरूरत पूरी हो जाए और प्रकृति की छति भी न, हो। आखिर कार यह दुनिया व्यक्ति की आवश्यकता की ही पूर्ति हेतु बनी है लालच के लिए नहीं।

# प्रकृति की सुरक्षा प्रकृति की असली पूजा

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है इस उद्देश्य से जिसकी वजह से पूरे विश्व में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है इस प्रकार प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंचना पर्यावरण के लिए खतरा है। प्लास्टिक प्रदूषण प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का जमीन या जल में इकट्ठा होना है। भारत मे 30त्नप्लास्टिक कचरे का निस्तारण होता है जबकि 34 लाख टन प्लास्टिक कचरा प्रतिवर्ष निकलता है। जंतुओं व मानव जीवन पर इसका बुरा प्रभाव पड़ा है,पर्यावरण हमें प्रकृति द्वारा मिला अमूल्य उपहार है परिऔर आवरण दोनों को मिलाकर पर्यावरण बना है। पर्यावरण के बिना धरती पर जीवन का अस्तित्व ही नहीं है, मनुष्य के स्वस्थ जीवन में पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है पर्यावरण एकमात्र आवास है जो मनुष्य के पास है और यह हवा भोजन और अन्यआवश्यकताएं प्रदान करता है। पर्यावरण वायु व जलवायुको विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का महत्व इस धरती पर रहने वाले सभी जीवित व अजीवित चीजे पर्यावरण के अंतर्गत आती हैं। पर्यावरण में ये चाहे जहां मौजूद हो यह पर्यावरण के हिस्सा होते हैं। पर्यावरण में हवा, पानी, सूर्य की रोशनी पौधे, जीव जंतु सभी शामिल हैं। पृथ्वी हमारे सौर परिवार का एकमात्र ग्रह है जिस पर जीवन पाया जाता है। पर्यावरण जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। पर्यावरण में जीवित जीवो को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखता है जो पृथ्वी पर जीवन को बचाए रखता है। इसके अलावा मनुष्य का संपूर्ण जीवन पर्यावरणीय कारकों पर पूरी तरह निर्भर करता है। पृथ्वी पर विभिन्न जीवन चक्रो को बनाए रखने में भी मदद करता है।

पर्यावरण दिवस 2025 की थीम **"प्लास्टिक प्रदूषण की समाप्ति"** प्रकृति में प्लास्टिक प्रदूषण पर समाधान पर चर्चा व उपाय मुख्यबिन्दु होगा। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस की मेजबानी कोरिया गणराज्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम में इसका अहम दिन होगा। मानवता की संपूर्ण जीवन समर्थन प्रणाली पृथ्वी पर रहने वाली सभी प्रजातियों की भलाई पर निर्भर करती है इसे आमतौर पर बायोस्फियर कहा जाता है। बायोस्फीयर एक वैश्विक पारिस्थितिक तंत्र को संदर्भित करता है। पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर वर्षावन, महासागर, रेगिस्तान, और टुंड्रा जैसे छोटे पारिस्थितिक तंत्र हैं। पारिस्थितिकी तंत्र सजीव व निर्जीव भागों से बना होता है चाहे वह स्थलीय हो या जलीय हो। निर्जीव भाग से जल वायु और पोषक तत्व है। जीविततत्वपौधे जानवर, सूक्ष्म जीव व मनुष्य हैं। विभिन्न प्रकार की मानवीय




गतिविधियां जो सीधे पर्यावरणीय आपदाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं जिसके कारण अम्ल वर्षा, महासागरों का अम्लीकरण,जलवायु में परिवर्तन ओजोन परत का ह्रास, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण आदि समस्याएं हैं दीर्घकालिक परिणामों को समझे बिना लोग लगातार ऐसे तकनीकी का उपयोग कर रहे हैं जो हमारी प्रकृति पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। पेड़ों की कमी, बढ़ते प्रदूषण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग के कारण विभिन्न जानवर विलुप्त होने के कगार पर है। गांव से शहरी क्षेत्रों में प्रवास करने वाले पक्षी हानिकारक तरंगों के कारण विलुप्त प्राय हो गए हैं। वृक्ष ही भूमि की उर्वरता से लेकर कृषिकार्य को सफल बनाने में अपना उल्लेखनीय योगदान देते हैं। इनके साथ जहां बंजर भूमि उपजाऊ हो जाती है तो वही रेगिस्तान के प्रसार पर नियंत्रण हो जाता है। और भूमि के जलस्तर में भी वृद्धि होती है। इसके साथ ही बृक्षों से उपलब्ध फल फूल, आहार एवं औषधियां जीवन का आधार है। इंसान ही नहीं हर प्राणी इनसे पोषण पाता है मानव को जहां इनसे नाना प्रकार के फल एवं जीवनदायिनी औषधियां मिलती हैं वही प्रकृति की गोद में विचरण कर रहे जीव जंतु पूर्णतया इन्हीं पर निर्भर होते हैं इसलिए इनके आश्रय में रहकर जीवन यापन करते हैं। बिना बृक्षों के प्रकृति की इस आश्रय दाई व्यवस्था की कल्पना भी नहीं की जा सकती जहां वनों का बेतहाशा कटाव हो रहा है। प्रकृति का निर्बाध रूप से दोहन और शोषण हो रहा है। अधिकाधिक वृक्षों के रोपण और वनों के संरक्षण के आधार पर ही मानव सभ्यता को इस त्रासदी से बचाया जा सकता है। हमें अपने पूर्वजों से यह धरती विरासत में नहीं मिली है हमने इसे अपने बच्चों से उधार लिया है आज जब हम प्रकृति और देखते हैं तो लगता है कि यह कह रही हो कि मुझे इस प्रकार ने इस्तेमाल करो कि आने वाले समय में मैं प्राणियों को जीवन देने में असमर्थ हो जाऊं। प्राकृतिक वातावरण द्वारा प्रदान किए गए उपहार मानव जाति के साथ-साथ अन्य जीवो के लिए भी आनंदित है वायु, सूर्य के प्रकाश, जीवाश्म, ईंधन आदि सहित ये प्राकृतिक संसाधन इतने महत्वपूर्ण है कि इनके बिना जीवन कभी संभव नहीं हो सकता।

हालांकि बड़ी आबादी द्वारा भौतिक वस्तुओं के लालच में वृद्धि के साथ इन संसाधनों का उपयोग और उनकी सीमाओं से परे दुरुपयोग किया जा रहा है यह आर्थिक विकास की बजाय मानव स्वास्थ्य के लिए अधिक खतरनाक साबित हो सकता है। समय आ गया है कि हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो प्रदूषण के विरोध में आवाज भी उठाई जाए, इस अभियान में सक्रिय रूप से सबको भाग लेना चाहिए, वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए, जितने भी जल संसाधन हैं उन्हें स्वच्छ रखना चाहिए प्लास्टिक जैसे वस्तुओं को जल में प्रवाहित न किया जाए, प्लास्टिक की जगह मिट्टी के बर्तनों को बढ़ावा देना चाहिए, अवांछित प्रदूषण को फैलाने पर रोक लगानी चाहिए और वर्षा जल संचयन के अभियान को बढ़ावा भी देना बहुत ही आवश्यक है, इन सब के प्रति लोगों में जागरूकता लानी होगी तभी हम स्वच्छ पर्यावरण में स्वस्थ जीवन बिता सकेंगे। मानव जीवन पंचतत्वों से बना है इन पंच तत्वों के नियमों को मानते हुए यदि उसके गुणों को अपनाएंगे तो अवश्य ही पर्यावरण के संरक्षक हम कहलायेंगे, अन्यथा प्रकृति के कोप का भाजन हम सबको बनना पड़ेगा।

**डॉ. सन्तोष कुमार तिवारी वरिष्ठ शिक्षक "विज्ञान" जौनपुर उत्तर प्रदेश"**

# चंदौली

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

### बिजली निजीकरण को बताया जनविरोधी, आंदोलन की दी चेतावनी

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** बिजली क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए मंगलवार को ऑल इंडिया किसान महासभा के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने इस निर्णय को जनविरोधी बताते हुए कहा कि निजीकरण से सबसे अधिक नुकसान अन्नदाताओं को होगा।

ज्ञापन में कहा गया कि बिजली के निजीकरण से वितरण प्रणाली कारपोरेट घरानों के हाथ में चली जाएगी, जिससे किसानों का शोषण बढ़ेगा और उन्हें महंगे दरों पर बिजली खरीदनी पड़ेगी।



इससे न केवल कृषि लागत में वृद्धि होगी, बल्कि बिजली की उपलब्धता और गुणवत्ता पर भी संकट आएगा। किसान नेताओं ने दावा किया कि सरकार की सब्सिडी प्रणाली निजी कंपनियों के आने के बाद खत्म हो जाएगी, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और खराब हो जाएगी।

महासभा के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निजीकरण की प्रक्रिया पर तुरंत रोक नहीं लगाई, तो मजबूरन किसानों को सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा। इस दौरान किसान नेता दीनानाथ श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, शेषनाथ यादव, श्रवण कुशवाहा, पिंटू पाल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

प्रदर्शन के दौरान 'निजीकरण वापस लो', 'किसान विरोधी नीति बंद करो' जैसे नारे गूंजते रहे। संगठन ने इसे सिर्फ किसानों नहीं, बल्कि आम जनता की लड़ाई बताया।

## दुकानदार को धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के मोहरगंज बाजार में एक बक्सा दुकानदार को धमकी देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक अन्नू पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ दुकानदार फिरोज की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है, और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि सेवड़ी गांव निवासी अन्नू पांडेय सोमवार शाम शराब के नशे में असलहा लहराते हुए मोहरगंज बाजार पहुंचा। यहां उसने एक कम्पोजिट शराब की दुकान के बगल में स्थित बक्सा दुकान पर बोतल पटककर तोड़ दी।

दुकानदार फिरोज द्वारा आपत्ति जताने पर अन्नू ने असलहा लहराकर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सक्रियता



दिखाते हुए देर रात अन्नू पांडेय को गिरफ्तार कर लिया।

बलुआ थाना प्रभारी डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है। दुकानदार फिरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अन्नू पांडेय ने दुकान पर आकर जान से मारने की धमकी देकर डराने का प्रयास किया।

## शराब के साथ चार महिला समेत पांच तस्कर गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जनपद के रास्ते बिहार भेजने राज्य में शराब तस्करी बदस्तूर जारी है। आये दिन जिले की पुलिस द्वारा शराब तस्करों को गिरफ्तार किया जाता है, बावजूद इसके शराब तस्करी की वारदातों में कोई भी कमी देखने को नही मिल रही। नई बात यह है कि शराब तस्करी में अब महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। ताजा मामला जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र से है जहां पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार महिलाओं समेत कुल 5 अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। फिलहाल पुलिस, आगे की कार्रवाई में जुटी है। दरसअल एसपी आदित्य लांग्हे द्वारा जनपद मे शराब तस्करी व मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। निर्देश के क्रम में अलीनगर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच पुलिस को शराब तस्करी से संबंधित इनपुट मिली। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए गोधना अण्डर पास के पास से चार महिला समेत कुल 5 अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से 7 पेटी अंग्रेजी शराब तथा 2 पेटी बियर बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के बाबत जानकारी देते हुए



पुलिस द्वारा बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्ता व अभियुक्त का नाम क्रमशः रवि, सूर्यमुनी देवी, परमीला देवी, कुसुम देवी और मीना देवी है। सभी, बिहार के रहने वाले है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में अभियुक्त व अभियुक्ता ने बताया कि वे अलीपुर व मुगलसराय के आस-पास के ठेकों से पहले शराब खरीदते है। बाद में उसे बिहार ले जाकर उंचे दाम में बेच देते है, जिससे उन्हें अच्छा-खासा मुनाफा मिल जाता है। पुलिस ने बताया सभी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## यात्रियों और रेलकर्मियों को जल बचत के प्रति किया गया जागरूक

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** भारतीय रेलवे के डीडीयू मंडल में 22 मई से 5 जून 2025 तक प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें। विषय पर आधारित विश्व पर्यावरण दिवस 2025 अभियान के तहत चल रही गतिविधियों की श्रृंखला में जल संरक्षण को केंद्र में रखकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर जल उपयोग के बिंदुओं जैसे नलों, वाटर बूथ, प्लेटफॉर्म रिफिल पॉइंट और कोच वाशिंग क्षेत्रों में जल के उपयोग की समीक्षा की गई तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक उपाय किए गए। वर्षा जल संचयन सुविधाओं की भी क्रियाशीलता का अवलोकन किया गया। प्लास्टिक प्रदुषण रोकने के साथ रेलकर्मियों को जल संरक्षण के व्यवहारिक उपायों के प्रति संवेदनशील किया गया। यात्रियों को




विभिन्न माध्यम से अपनी पानी की बोतल साथ लाने, बोतल दोबारा भरने और जल व्यर्थ न करने का संदेश दिया गया। रेल परिसरों में मौजूद कर्मचारियों और यात्रियों को यह समझाया गया कि जल एक सीमित संसाधन है और इसके प्रत्येक बूँद का सही उपयोग हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने की अपील के साथ स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान जारी रहा। डीडीयू मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण का यह जागरूकता कार्यक्रम 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक लगातार जारी रहेगा, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी में दीर्घकालिक सोच विकसित की जा सके।

## चंदौली जनपद को आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश में सातवां स्थान

**जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के नेतृत्व में जनसुनवाई तंत्र हुआ सुदृढ़**

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश शासन की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में जनपद चंदौली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि जिलाधिकारी श्री चंद्र मोहन गर्ग के कुशल, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासनिक नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आईजीआरएस रैंकिंग शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के आधार पर तय की जाती है।

चंदौली को मिली यह रैंक न केवल जनपद के सुशासन की तस्वीर प्रस्तुत करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी श्री गर्ग ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि "जनसुनवाई



हमारी प्रशासनिक प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाना अनिवार्य है।" उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी शिकायत निस्तारण में लापरवाही न बरते। किसी प्रकार की देरी अथवा टालमटोल की स्थिति में कठोर प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि- "प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की डोर को और अधिक मजबूत करने हेतु जनसुनवाई तंत्र को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा।"

गौरतलब है कि एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित वह डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसके माध्यम से प्रदेशवासी विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

इस प्लेटफ़ॉर्म की समीक्षा शासन स्तर पर नियमित रूप से की जाती है। जनपद चंदौली को उत्तर प्रदेश में IGRS रैंकिंग में सातवां स्थान। शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण। जिलाधिकारी का सभी अधिकारियों को पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश। प्रशासन की छवि में आया सकारात्मक परिवर्तन।

जनपद प्रशासन की इस उपलब्धि ने न केवल प्रदेश स्तर पर चंदौली की पहचान को सुदृढ़ किया है, बल्कि अन्य जनपदों के लिए एक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। जनहित को केंद्र में रखते हुए शासन-प्रशासन के स्तर पर उठाए जा रहे कदम निश्चित रूप से समावेशी एवं उत्तरदायी प्रशासनिक तंत्र की स्थापना की दिशा में सार्थक साबित हो रहे हैं।

## भाजपाइयों पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी यूट्यूबर के खिलाफ मुकदमा

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** सोशल मीडिया पर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी यूट्यूबर के खिलाफ मुगलसराय कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। इसी मामले को लेकर भाजपाइयों ने पिछले दिनों कोतवाली का घेराव किया था। खुद को यूट्यूबर बताने वाले सोनू सिंह नामक युवक ने पिछले दिनों अपने फेसबुक पेज पर भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की थी। कार्यकर्ताओं की तुलना आर्केस्ट्रा देखने वाली भीड़ से की थी। पोस्ट वायरल होते ही मुगलसराय के भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे। यूट्यूबर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली का घेराव किया। कार्रवाई की तलवार लटकती देख यूट्यूबर ने पोस्ट को अपने पेज से डिलीट कर दिया लेकिन इससे कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सोनू सिंह और हेलो मित्र के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम व एसपी द्वारा गंगा दशहरा पर्व पर लगने वाले मेले की गई तैयारियों का लिया गया जायजा



सुलतानपुर । जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, उपजिलाधिकारी लम्भुआ/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला द्वारा संयुक्त रूप से धोपाप धाम, विकास खण्ड लम्भुआ में आगामी गंगा दशहरा पर्व पर की गई तैयारियों तथा वार्षिक स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े, के दृष्टिगत स्थलीय निरीक्षण किया गया। 1.जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिये स्नान घाट, पार्किंग स्थल, वैरीकेटिंग, साफ-सफाई, विद्युत, मोबाइल टायलेट, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, स्थल की सजावट, जनरेटर, आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये गोताखोर, लाइफ जैकेट, सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की तैनाती आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। 2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान घाटों की वैरीकेटिंग करने तथा घाटों को और अच्छे से सुदृढ़ किये जाने, गोताखोर लगाये जाने के स्थान का निर्धारण करने, स्नानार्थियों हेतु बने चेंजिंग रूम को और सुदृढ़ कर महिला सुरक्षाबल की तैनाती करने तथा साफ-सफाई हेतु डस्टबिन व मोबाइल टायलेट की संख्या और बढ़ाने के सख्त निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन को एक निश्चित स्थान पर पार्क करने हेतु बने पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया। 3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा धोपाप धाम पर विद्युत की व्यवस्था, सजावटी लाइटें, जनरेटर आदि की देखरेख हेतु इलेक्ट्रीशियन की मौजूदगी सुनिश्चित कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती करने के निर्देश दिये सम्बन्धित को दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित सौंपे गये उत्तरदायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए ससमय कराना सुनिश्चित करें। 4. पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक महोदय को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी जाय।

उन्होंने सी.सी.टी.वी. कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाने, पुलिस फोर्स की पेट्रोलिंग नियमित रूप से कराने तथा पार्किंग हेतु बने स्थल पर भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। 5. तत्पश्चात जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा धोपाप धाम स्थित राम जानकी मंदिर का पूजन-अर्चन कर पौराणिक महत्व के बारे में जानकारियां प्राप्त की गयी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई गोष्ठी





बहराइच । विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत आज 08 वे दिन जनपद की 09 ग्राम पंचायतों में कृषि उत्पादन बढ़ाने हेतु जिले के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों की टीम द्वारा किसानों को कृषि की तकनीकी जानकारी कृषक गोष्ठी आयोजित कर दी गई। इसी क्रम में विकासखंड रिसिया के ग्राम पंचायत बरई पारा में कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के मुख्य वैज्ञानिक/हेड डॉव शशिकांत, कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉवपीवकेव सिंह तथा डॉव संदीप कुमार की टीम ने किसानों को कृषि विज्ञान की तकनीकी जानकारी प्रदान की।जिला कृषि अधिकारी बहराइच डॉ0 सूबेदार यादव ने किसानों को जनपद में उपलब्ध हो रहे बीज एवं खाद के उपलब्धता की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी बहराइच ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सोलर पंप की योजना की जानकारी दी तथा किसानों से मृदा परीक्षण कराकर मृदा परीक्षण परिणाम के आधार पर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी बहराइच श्रीमती प्रियनंदा ने उपस्थित किसानों को आईपीएम अपनाने, बायोपेस्टिसाइड का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि फसल सुरक्षा हेतु अपने खेतों में लियोर, फेरोमैंन ट्रैप , लाइट ट्रैप का अधिक से अधिक उपयोग करें जिससे आपकी फसलों में कीड़े मकोड़े नहीं लगेंगे तथा रसायन पर होने वाला खर्च बचेगा ।कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के हेड डॉक्टर शशिकांत में किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व खेत की जुताई करने कंपोस्ट का उपयोग करना तथा धान की नर्सरी डालने से पूर्व धान बीज को शोधित करने, रोपाई से पूर्व भूमि शोधन करने की सलाह दी। इससे जहां एक ओर फसल में कीड़े नहीं लगेंगे,वही दूसरी तरफ उत्पादन भी अधिक होगा। गोष्ठी को डॉक्टर पी के सिंह डॉक्टर संदीप कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए राम प्रकाश मौर्य, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए कुलदीप वर्मा सहकारिता विभाग के एडीओ प्रतिनिधि सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहेस। नानपारा कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों की टीम ने रिसिया ब्लॉक के जमुनहा,एवं बनगई में भी किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। विकासखंड जरवल 06 ग्राम पंचायतों में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच तथा कृषि अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों की टीम द्वारा आयोजित कृषि गोष्ठियों द्वारा किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के वैज्ञानिक डॉ नंदन सिंह एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए अरविंद कुमार की टीम द्वारा ग्राम पंचायत धनराजपुर, मुस्तफाबाद, रिठौरा तथा डॉक्टर अरुण कुमार राजभर, डॉ0 प्रियंका की टीम द्वारा ग्राम पंचायत तपेसिपाह, झुकिया एवं आदमपुर में कृषि तकनीकी की जानकारी प्रदान की गई। डॉ नंदन सिंह एवं डॉ व प्रियंका सिंह ने किसानों को फसल सुरक्षा हेतु लाइट ट्रैप का डेमो कर किसानों को जानकारी दी। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए अरविंद कुमार ने उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना पीएम कुसुम सोलर पंप की योजना, प्रमाणित बीज वितरण की योजना, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन की योजना, पराली प्रबंधन, प्राकृतिक खेती की योजना सहित अन्य कृषि योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी श्री सत्येंद्र तिवारी ने मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जमुनहा वैज्ञानिक उमेश कुमार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान मे प्रतिभागिता की गयी जिसमे किसानों को प्राकृतिक खेती, बागवानी और मृदा परिक्षण, यंत्रिकरण और कृषि बिभाग की अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी! दूसरी ग्राम पंचायत बरईपारा मे कृषि विभाग के अधिकारीयों मे जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक कुलदीप वर्मा, राम प्रकाश मौर्या और केवीके नानपारा के वैज्ञानिक डॉक्टर पीके सिंह ने किसानों को कृषि सम्बन्धी तकनीकों की जानकारी प्रदान की गयी। ग्राम पंचायत बनगई मे भी किसानों को तकनीकी सम्बन्धी जानकारी ईफको के कर्मचारी और वरिष्ठ प्राविधिक साहयक राम प्रकश मौर्या और बीज गोदाम प्रभारी अनुराग श्रीवास्तव द्वारा जानकारी प्रदान की गयी इन सभी कार्यकमो की व्यवस्था सुनील गुप्ता एटीएम द्वारा की गयी।

# परिवहन निगम रिट्रोफिटमेंट तकनीकी पर कर रहा है तेजी से कार्य

लखनऊ। प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उ0प्र0 परिवहन निगम पुरानी डीजल बसों को (रिट्रोफिटमेंट) इलेक्ट्रिक बसों में बदलने की योजना पर तेजी से कार्य कर रहा है। पुरानी डीजल बसों को परिवहन निगम की गाइडलाइन के अनुसार 10 वर्ष या 11 लाख किमी0 की दूरी तय करने पर बस बेड़े से हटाया जाना अनिवार्य है। बड़ी संख्या में परिवहन निगम की बसों का प्रतिवर्ष नीलामी होती है। उन्होंने बताया कि डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने से विभाग को बसों की खरीददारी पर अतिरिक्त व्यय नहीं करना होगा।परिवहन मंत्री ने बताया कि कानपुर की राम मनोहर लोहिया वर्कशाप में दो बसों को डीजल से इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित भी किया जा चुका है और ट्रायल बेस पर झांसी-ललितपुर रूट पर संचालित की जायेगी।संचालन से पूर्व की प्रक्रिया गतिशील है। उन्होंने बताया कि इन बसों का रिट्रोफिटमेंट कार्य कल्याणी पावर ट्रेन लि0 और मेसर्स जीरो 21 के सहयोग से किया जा रहा है। इन बसों को डीजल से इलेक्ट्रिक वाहन में परिवर्तित करने पर आने वाले खर्च का वहन फर्म करेगी। जबकि बाडी निर्माण कार्य परिवहन निगम द्वारा किया जायेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन की है। उन्होंने बताया कि रिट्रोफिटमेंट तकनीकी के इस्तेमाल से बनने वाली बसों से प्रदूषण नहीं होगा।

डीजल वाहनों के इलेक्ट्रॉनिक वाहनों में तब्दील होने से प्रदूषण में कमी आयेगी। हमारा वातावरण प्रदूषण मुक्त होगा, जिसका सीधा लाभ लोगों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम में 5000 इलेक्ट्रिक बसों को अनुबंध के आधार पर जोड़ने की प्रक्रिया भी चल रही है। विभाग को मिले बजट द्वारा अभी तक 220 इलेक्ट्रिक बसें महाकुम्भ के दौरान क्रय की जा चुकी है। जिसमें से 20 एसी डबलडेकर बसें भी शामिल है।

# होमगार्ड मंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र होमगार्ड में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए पौध रोपण अत्यन्त आवश्यक है। बढ़ते तापमान एवं वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ष करोड़ों की संख्या में पौधरोपण कराती है, जिससे कि पृथ्वी को संरक्षित किया जा सके। प्रदेश सरकार सतत प्रयासरत है कि पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के दुश्प्रभावों से बचाया जा सके। गत वर्ष प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के सहयोग से लगभग 36.8 करोड़ पौधे लगाये गये थे। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने की अपील की। बिना जनसहयोग के कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता। पृथ्वी को बचाने की जिम्मेदारी सरकार के साथ-साथ हम सभी की है। जनसहयोग के माध्यम से ही पृथ्वी को बढ़ते तापमान एवं प्रदूषण से बचाया जा सकता है।

# भांजे ने काटा मामा का गला कमरे की दीवार तोड़कर हुआ फरार

लखनऊ। राजधानी के अलीगंज इलाके में एक खौफनाक वारदात सामने आई है, जहां त्रिवेणीनगर स्थित शिवलोक कॉलोनी में रिश्ते में भांजे लगने वाले एक युवक ने अपने मामा की बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मामा-भांजे के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और इसी दौरान भांजे ने मामा का गला रेत दिया। हत्या के बाद आरोपी कमरे की दीवार तोड़कर फरार हो गया, जबकि परिवार के सदस्य घर के बाहर मौजूद थे।मामले में डीसीपी गोपाल कृष्ण चौधरी के अनुसार, आरोपी अनुज कश्यप ने कमरे का दरवाजा बंद कर वारदात को अंजाम दिया और बाद में दीवार तोड़कर फरार हो गया।उसकी पहचान हो चुकी है और उसे पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच और सर्विलांस टीम तैनात कर दी गई है।

# प्रदेश के किसानों की उपज को अधिक लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना

बहराइच ।केन्द्रीय सेक्टर की सम्पदा स्कीम कृषि समुद्री उत्पाद प्रसंस्करण, कृषि प्रसंस्करण समूहों के विकास के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना भारत सरकार ने प्रारम्भ किया है, जो उत्तर प्रदेश में भी संचालित है। यह योजना एक व्यापक पैकेज है, जो खेत से लेकर खुदरा बिक्री केन्द्रों तक दक्ष आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन के साथ आधुनिक अवसंरचना का सृजन करती है। इससे प्रदेश में न केवल खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की वृद्धि को तीव्र गति प्राप्त हो रही है. बल्कि यह किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने तथा किसानों की आय को दोगुना करने, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के भारी अवसरों का सृजन करने, कृषि उपज की बर्बादी में कमी लाने, प्रसंस्करण तथा प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात के स्तर को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अन्तर्गत किसानों को बड़े स्तर पर लाभ पहुँचाना ही इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। किसानों को आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मिले, किसान अपनी उपज का सही प्रबन्धन कर सकें, उपज को समय पर बाजार पहुँचा सके और बड़े स्तर पर काम कर नये-नये रोजगार के अवसर पैदा कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। अक्सर यह पाया गया है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का सही विकास न होने से कृषि उपजों का न तो भण्डारण हो पाता है और न ही प्रोसेसिंग में कोई मदद मिल पाती है। इस योजना के तहत कोल्ड चेन और एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर बनाकर किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाना ही इस योजना का मकसद है।इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश में मेगा खाद्य पार्क सेन्टर आफ एक्सीलेंस बनाया जा रहा है। जहां विभिन्न खाद्य वस्तुएँ अनाज फल-सब्जियों आदि का संग्रह केन्द्र, प्राथमिक प्रसंस्करण केन्द्रों पर इकाइयों की स्थापना की जा रही है। इसमें कोल्ड चेन, वैल्यू एडिशन और संरक्षण इन्फ्रास्ट्रक्चर की योजना का उद्देश्य खेत से उपभोक्ता तक बिना किसी ब्रेक के एकीकृत कोल्ड चेन और संरक्षण संरचना प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण/संरक्षण क्षमता का सृजन/विस्तार निर्माण तथा इकाइयों का आधुनिकीकरण किया जाता है। एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण भी किया जायेगा। देश में इण्डो-इजराइल तकनीक से बनाये गये सेन्टर आफ एक्सीलेंस में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है।इस योजना में कच्चे माल की उपलब्धता और बाजार के साथ लिंक कर बैकवर्ड एण्ड से फारवर्ड लिंकेज के निर्माण के लिए कार्य होते हैं। इस योजना से खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन इन्फ्रास्ट्रक्चर की सुविधा हो रही है, जहां से खाद्य उत्पाद खाद्य सुरक्षा नियामक द्वारा निर्धारित मापदण्ड को पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के क्रियान्वयन से खेत के मेड से लेकर रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन के साथ आधुनिक बुनियादी ढाँचे का निर्माण हो रहा है। इससे प्रदेश देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा और अच्छी गुणवत्ता की खाद्य वस्तुओं के उत्पाद से निर्यात बढ़ेगा। इस योजना से प्रदेश के किसानों की आय में बढ़ोत्तरी व प्रदेश के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजनान्तर्गत प्रदेश में स्थापित होने वाली खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को भारत सरकार द्वारा स्वीकृत अनुदान राशि का 10 प्रतिशत अधिकतम 50 लाख की सीमा तक अतिरिक्त पूंजीगत निवेश अनुदान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अन्तर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल प्रयासों से भारत सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेशकों को परियोजनाओं की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिनमें निवेश प्रारम्भ हो गया है इनमें लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा तथा प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को आधुनिकतम अवस्थापना सुविधायें प्राप्त होगी।

# राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न





बहराइच । जिला पर्यावरण प्रबन्धन कार्ययोजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पर्यावरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली के मा. सदस्य/न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद ने जिले के अधिकारियों को पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए अपेक्षा की कि पर्यावरण संरक्षण को अपना धर्म मानते हुए कार्य करें। डॉ. अहमद ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि यदि एक पेड़ कटता है तो उसके स्थान पर हमें 10 पौधे रोपित किये जाय। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि क्षेत्र में निकलकर कार्य करें इससे आपकी जानकारी में इज़ाफा होगा। डॉ. अहमद ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के कार्यों के प्रति तत्परता की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनपद के सभी विकास खण्ड भूगर्भीय जल स्तर को लेकर सुरक्षित ज़ोन में है। लेकिन हमें हाथ पर हाथ रखकर बैठने की आवश्यकता नहीं है। भूगर्भीय जल स्रोत ईश्वर की ओर से मानव को दिया गया एक शानदार उपहार है। इसे स्वयं के लिए तथा आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित तथा प्रदूषण से मुक्त रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है। भूगर्भीय जल के स्तर को बनाये रखने के लिए नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। सरकारी व गैर सरकारी परिसर व भवनों में रिचार्ज सिस्टम को जनरेट करना होगा तथा आमजनमानस को भी वाटर रिचार्जिंग के महत्व को समझाना होगा। डॉ. अहमद ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण मात्र सरकारी प्रयासों से नहीं किया जा सकता है इसके लिए आमजन की सहभागिता बहुत आवश्यक है। उन्होने डिस्टीलरी से उत्सर्जित होने वाले वेस्ट के प्रबन्धन के सम्बंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि डिस्टीलरी आदि बड़े प्रोजेक्ट में नियमानुसार अधिक से अधिक भू-भाग पर ग्रीन बेल्ट का विकास किया जाय तथा आटो मोबाइल के द्वारा उत्सर्जित होने वाले प्रदूषण को न्यून से न्यूनतम करने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि गैर कानूनी खनन गतिविधियों पर कठोर कार्यवाही की जाय तथा खनन सम्बन्धी अनुज्ञा पत्र जारी करते समय यह सुनिश्चित किया जाय कि इससे वन्य जीवों विशेषकर कछुआ व घड़ियाल के पर्यावास को किसी प्रकार की हानि न पहुंचे। डॉ. अहमद ने पर्यावरण को सुरक्षित व सवंर्धित करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों को अनाधिकृत अवैध कब्ज़ों से मुक्त करने का सुझाव दिया। डॉ. अहमद ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस वर्ष के पर्यावरण दिवस को प्लास्टिक मुक्त दिवस के रूप में मनाये जाने का संकल्प लिया है। उन्होनें कहा कि हमें अपनी आदतों में सुधार लाकर कम से कम प्लास्टिक का प्रयोग करने तथा सिंगल यूज्ड़ प्लास्टिक के उपयोग को बन्द करना होगा।

उन्होंने सीएमओ को बायो मेडिकल वेस्ट निर्धारित मानक के अनुसार निस्तारण कराये जाने तथा नियमित रूप में पर्यवेक्षण करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित स्थानों से अलग कूड़ा कचरा फेंकने पर पहले रू. 5,000=00 तथा दूसरी बार ऐसा करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध रू. 25,000=00 का अर्थदण्ड लगाये जाने के बारे में प्रचार-प्रसार के माध्यम से जन मानस को जागरूक किया जाय। डॉ. अहमद ने ठोस व तरल कूड़ा निस्तारण में उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन करने का भी निर्देश दिया। डॉ. अहमद द्वारा अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कूड़ा कदापि जलाया न जाये। कूड़ा निस्तारण हेतु ग्राम पंचायतवार डीपीआर तैयार कर उक्त का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायें। डॉ. अहमद ने लिक्विड वेस्ट सीवेज उत्सर्जन की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि भूमि अथवा जलस्रोतो में अनट्रीटेड सीवेज नहीं जाना चाहिए।

उन्होंने आवश्यकता के अनुरूप नियमुनसार एस.टी.पी. बनवाये जाने का निर्देश दिया। आगामी वृषाऋतु में प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में बताया गया कि लक्ष्य 75 लाख के सापेक्ष लगभग 01 करोड़ पौध तैयार किये गये हैं। डॉ. अहमद ने सुझाव दिया कि एग्रो फारेस्ट्री के अन्तर्गत कृषकों को सागौन, नीम, नींबू, जामुन, सहजन प्रजाति के पौधों के रोपण हेतु प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान डीएम द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में अपशिष्टों को पृथकीकरण सेन्टर तक ले जाया जाता है एवं इस कार्य में स्वयं सहायता समूहों को सम्मिलित किया जाता है जिस पर डॉ. अहमद द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। डीएम ने यह भी कहा कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान जिले में हर आंगन में एक सहजन का वृक्ष रोपित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक का संचालन करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने जनपद में ठोस व तरल अपशिष्ट, बॉयो मेडिकल अपशिष्ट, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं उसके निस्तारण के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक के अन्त में डीएम, एसपी राम नयन सिंह व सीडीओ मुकेश चन्द्र ने डॉ. अहमद को स्मृति चिन्ह व रूद्राक्ष का पौध भेंट किया गया। इस अवसर मा. सदस्य अल्पसंख्यक आयोग सम्मान अफरोज, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ संजय कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम व अन्य सम्बिन्धित मौजूद रहे।

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय एम0ए0सी0टी0 जनपद सुलतानपुर

सी0पी0 नं0 - 144 / 2020

ता0पेशी- 26 / 07 / 2025

संगीता -बनाम- राजेश कुमार

बनाम- राजेश कुमार सुत केशरी प्रसाद निवासी ग्राम हनुमतनगर पहाड़गंज रोड जेनोरा जिला अयोध्या

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 07 के 26 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ0ख0) दक्षिणी कक्ष संख्या- 24 महोदय सुलतानपुर

नितिन अग्रवाल -बनाम- सम्पत्ति स्व0 श्रवण कुमार अग्रवाल

बनाम- 1 सम्पत्ति स्व0 श्रवण कुमार अग्रवाल सुत स्व0 राधेश्याम अग्रवाल निवासी म0न0 585 मोहल्ला रुद्रनगर मेजरगंज छावनी सदर शहर सुलतानपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 04 के 19 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ0ख0) दक्षिणी कक्ष संख्या - 24 महोदय सुलतानपुर

प्र0वा0 संख्या- 147 / 2025 (एन0आर0)

ता0 पेशी - 22 / 07 / 2025

किरन सिंह आदि -बनाम- जाय0 स्व0 बृजेश सिंह

बनाम- 1 जायदाद स्व0 बृजेश सिंह सुत स्व0 श्रीनाथ सिंह म0न0 1116 / 1 मोहल्ला गोलाघाट परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 07 के 22 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ0ख0) दक्षिणी कक्ष संख्या- 24 महोदय सुलतानपुर

प्र0वा0 संख्या- 149 / 25 (एन0आर0)

ता0 पेशी - 23 / 07 / 2025

रितिक गुप्ता आदि -बनाम- जाय0स्व0 राम नरायन आदि

बनाम- 1 जाय0स्व0 राम नरायन सुत स्व0 सूर्यलाल 2 करमइता देवी पत्नी स्व0 राम नरायन 3 शकुंतला पत्नी रमाशंकर 4 रमाशंकर सुत स्व0 राम नरायन साकिनान ग्राम पूरे फैजू खा मजरे डोमनपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 07 के 23 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# सीएम योगी ने जन्मदिन पर भगवान श्रीराम के दरबार में लगाई हाजिरी

## रामलला के दर्शन-पूजन के उपरांत, प्रथम तल पर निर्मित रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए सीएम

### मुख्य मंदिर परिसर में मौजूद रामदरबार के अतिरिक्त 6 मंदिरों में विराजमान किये गये गणपति, शिव, मां दुर्गा, मां अन्नपूर्णा, शेषावतार और बजरंगबली

**अयोध्या।** गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को पवित्र नगरी अयोध्या पहुंचे। इस विशेष दिन पर उन्होंने श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और भगवान श्रीराम की आरती उतारी। मुख्यमंत्री का यह दौरा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व से परिपूर्ण रहा, जिसमें वे विभिन्न मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामकथा हेलीपैड पर उतरने के बाद सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान बजरंगबली की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

हनुमानगढ़ी में पूजा के बाद वे श्रीरामलला मंदिर की ओर रवाना हुए। श्रीरामलला मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा की और उनकी आरती उतारी। इस दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ उत्साहपूर्ण माहौल बनाया। मुख्यमंत्री ने भक्तों के साथ संवाद किया और उनकी शुभकामनाएं स्वीकारीं।



### श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह, लगते रहे जय श्रीराम के जयघोष

मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान श्रीराम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ अपनी भक्ति और उत्साह का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और उनके साथ अपने जन्मदिन की खुशी साझा की। श्रद्धालुओं ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु की कामना की। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय, स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया। इस समारोह में माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के विग्रहों के साथ-साथ भगवान बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। सफेद संगमरमर से बनी प्रतिमाएं अलग ही शोभा बिखेर रही थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजित मुहूर्त में आज श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई।

### इन मंदिरों में हुई देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा

मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला मंदिर के मुख्य परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में भी गये, जहां विभिन्न देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। श्रीराम दरबार और शेषावतार के साथ जिन मन्दिरों में प्राण प्रतिष्ठा हुई वे हैं परकोटा के ईशान कोण पर स्थित शिव मंदिर, अग्निकोण में गणेशजी, दक्षिणी भुजा के मध्य में हनुमानजी, नैऋत्य कोण में सूर्य, वायव्य कोण में मां भगवती के साथ परकोटा की उत्तरी भुजा के मध्य में अन्नपूर्णा माता प्रतिष्ठित हुईं। ये सभी प्रतिमाएं सफेद संगमरमर से निर्मित हैं। इन सभी मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह वैदिक रीति से संपन्न हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री ने सक्रिय रूप से भाग लिया। त्रिदिवसीय समारोह के अंतिम दिन प्रातः साढ़े छह बजे से आह्वानित देवताओं का यज्ञमंडप में पूजन प्रारम्भ हुआ जो दो घंटे चला। इसके पश्चात नौ बजे से हवन शुरू हुआ जो घंटे भर चला। बाद में केंद्रीयकृत व्यवस्था के अंतर्गत एक साथ सभी देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रारम्भ हुआ।

# शिक्षकों के प्रयास से ही होगा कृषि शिक्षा का विकास : प्रो. डी. के सिंह

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में कृषि संकाय सदस्यों के बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। जिसमें शिक्षण से संबंधित प्रमोशन, बकाया देयको, बोर्ड में अन्य कॉलेजों से सदस्य नामित करने, स्नातक छात्रों के राबे प्रोग्राम एवं पीसीपी के मोडिफिकेशन, छात्रों के सुगम शिक्षण आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि अधिष्ठाता डॉ. डी.के सिंह ने परास्नातक छात्रों के थीसिस एवं रिसर्च पर चर्चा की। शिक्षकों से आह्वान किया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हम शिक्षण के साथ-साथ रिसर्च कार्य भी करते हैं। शोध कार्यों के प्रस्तावों को तैयार करते समय स्थानीय समस्याओं एवं जरूरतों को ध्यान में रखना होगा। इससे शोध का लाभ स्थानीय लाभार्थियों को मिल सकेगा। बैठक में संगठन के सचिव डॉ आलोक कुमार सिंह ने बताया की शिक्षा के सुधार हेतु कुलपति के मार्गदर्शन में कृषि महाविद्यालय दिन प्रतिदिन उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इसी तरह शिक्षकों का सहयोग आगे भी प्राप्त होता रहेगा, जिससे शिक्षण कार्य को और अच्छे से आगे



बढ़ाया जा सकेगा। साथ ही कृषि महाविद्यालय की तरफ से स्नातक स्तर पर नेचुरल फार्मिंग स्नातक की डिग्री शुरू करने हेतु प्रस्ताव भी उच्च सदन को प्रेषित करने हेतु आम सहमति बनी। डॉ आलोक ने बताया कि शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने एवं भारतीय अनुसंधान परिषद के 6 वे कमेटी के संसुतिओ को लागू करने के तहत किए जा रहे कार्यों की बारे विस्तार से चर्चा के साथ-साथ शिक्षकों की हितलाभ आदि मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई, जिस पर बोर्ड के सदस्यों ने पूर्व के भाती पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में डा दिवाकर सिंह ने बोर्ड के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।उक्त बैठक का संचालन कृषि महाविद्यालय के सह अधिष्ठाता प्रोफेसर सीताराम मिश्रा ने किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आम का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर अन्य अधिकारियों ने भी लीची, जामुन और आम जैसे फलदार पौधे रोपित किए।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, स्वयं सेवी संस्था आरंभ फाउंडेशन के सहयोग से शिव बाबा धाम परिसर में भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन विभाग अंबेडकर नगर ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। उपप्रभागीय वनाधिकारी मुदित सिंह और क्षेत्रीय वनाधिकारी नागेंद्र कुमार ने कार्यक्रम का कुशल आयोजन कराया।

पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में जगह-जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य बढ़ते जलवायु परिवर्तन के बीच पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

# 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में देखा, गंगा अविरल व निर्मल : योगी आदित्यनाथ

### नगर निगम के दो साल पूरे होने पर नगर उपलब्धि समारोह का आयोजन

**अयोध्या।** नगर निगम के दो वर्ष पूरा होने पर राम कथा पार्क में आयोजित नगर उपलब्धि समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम के पूर्वज भागीरथी की तपस्या का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना की और कहा कि नमामि गंगे की परियोजना की देन है कि मां गंगा अविरल और निर्मल हैं। उनके तट की क्षमता पूरी दुनिया का पेट भरने के लिए अन्य उत्पादन की है। प्रयागराज के तट पर आयोजित महाकुंभ के मौके पर देश-विदेश के 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने इसका दर्शन किया। राममंदिर में रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 500 वर्ष का इंतजार खत्म हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वैभव राममंदिर के रूप में वापस लौटा। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ऐलान किया कि एक से सात जुलाई तक हर जिले में एक नदी को पुनर्जीवित किया जाएगा और उसके तट पर वृक्षारोपण होगा। उन्होंने अयोध्या धाम की एक नदी को पुनर्जीवित करने पर जोर देते हुए लोगों से



एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस की मौके पर उन्हें लखनऊ में बेल का पौधा लगाने का अवसर मिला तो सरयू तट पर पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम सहित नवग्रह के पेड़ लगाने के अवसर पर भागीदारी करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि आगामी 23 जून को एक प्रधान, एक निशान, एक विधान का नारा देने वाले पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। हाईवे के किनारे भी वृक्षारोपण कराया जाएगा। उन्होंने अयोध्या के विकास की चर्चा करते हुए महापौर महंत गिरीशपति को धन्यवाद दिया और कहा कि अब अयोध्या राम की अयोध्या की तरह दिखती है, जैसा वर्णन वाल्मीकि और महाकवि तुलसीदास ने किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या को सिक्स लेन और फोरलेन सड़कों से जोड़ा गया है। एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है। राम की पैड़ी का विस्तार हुआ है।मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 16 करोड़ श्रद्धालु गत वर्ष अयोध्या आए, जबकि पहले बहुत कम श्रद्धालु आते थे। अयोध्या आने वालों को गोली, लाठी का सामना करना पड़ता था। अब उनका स्वागत पुष्प वर्षा से किया जाता है। उन्होंने कहा कि कभी अयोध्या की पहचान सकरी गलियां, गंदगी, बिजली और पानी संकट से थी, जबकि अब यहां आने वाले को अयोध्या बदली नजर आ रही है। देव नदी के रूप में सरयू का दर्शन हो रहा है। उन्होंने नगर में माता जानकी, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव, निषाद राज आदि के नाम पर सिटी फॉरेस्ट विकसित करने का आह्वान किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर की उपलब्धियां साझा की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या के दूसरे विक्रमादित्य की उपाधि से नवाज कर जन्मदिन की बधाई दी।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप अयोध्या को स्मार्ट, स्वच्छ नगर बनाने के लक्ष्य की ओर हम बढ़ रहे हैं।हमारा सपना है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को एक बूंद जल न खरीदना पड़े। उन्हें निर्मल सरयू जल उपलब्ध हो। उन्होंने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, डॉ अमित सिंह चौहान, अभय सिंह, चंद्रभान पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मंचासीन रहे। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि संचालन कवयित्री पूजा मिश्र ने किया। कार्यक्रम में वामन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण, बड़े भक्तमाल मंदिर के महंत अवधेश दास, दिगंबर अखाड़ा के महंत रामलखन दास, मधुकरिया संत मिथिला बिहारी दास समेत संतों महंतों ने शिरकत की। महिला कर्मियों का सम्मान मुख्यमंत्री के हाथों नगर निगम की महिला कर्मचारियों में अमृत सखी कोमल यादव सफाई मित्र रीता एवं मिथिलेश का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

### नीक लागै हो मोदी-योगी कै शसनवा...

-नीक लागै हो मोदी-योगी कै शसनवा... गीत के माध्यम से गायक विवेक पांडेय ने सरकार और नगर निगम की उपलब्धियों को रेखांकित किया तो श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। उन्होंने सीताराम चरण अति पावन..., जै जै सरयू जय मां सरयू... आदि भजनों के माध्यम से अलौकिक, अद्वितीय अयोध्याधाम की छवि प्रस्तुत की। नगर निगम की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगाई गई प्रदर्शनी भी नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर नगर निगम की उपलब्धियां पर आधारित लघु कथा फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित की गई।

### 63 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

सेवा के अद्भुत दो वर्ष पूरा होने पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन करने के साथ ही मुख्यमंत्री जी ने 63 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात अयोध्यावासियों को दी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि 30 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित 50 विकास कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के साथ किया। इसके अलावा 33 करोड़ आठ लाख 81 हजार रुपये की 92 परियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास किया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर 54 किलो लड्डू बनवाकर की गई दीर्घायु की कामना

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54 वें जन्मदिवस के अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ की ओर से विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन द्वारा 54 किलो का विशाल लड्डू बनवाया गया, जिसे पूजन के बाद राहगीरों में वितरित किया गया। आयोजन स्थल टेढ़ी बाजार चौराहे पर श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने पूजन कर मुख्यमंत्री योगी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश यादव उपस्थित रहे, जिन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ का जीवन राष्ट्र और धर्म की सेवा में समर्पित है। मुख्यमंत्री का कार्यकाल विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन चुका है। कार्यक्रम के दौरान महासंघ के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व



और कार्यों की सराहना करते हुए आगामी सप्ताह भर अलग-अलग कार्यक्रमों के आयोजन की घोषणा की। इनमें सेवा कार्य, भंडारा, वृक्षारोपण एवं रक्तदान शिविर शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष गोसेवा प्रवीण दूबे, जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनकर, उमेश लखमानी, पं रमेश शास्त्री, अशोक कुमार शर्मा, प्रदीप पाठक, विजय शंकर पाण्डेय, बृजराज सिंह, प्रज्ञा श्रीवास्तव, राजकमल सिन्हा किरन देवी, सागर सोनकर, दीपू सोनकर, हरि नारायण यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी में विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना विषय पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करते हुए विविध कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत उमंग स्टेडियम में पर्यावरण शपथ के साथ हुई, जिसमें परियोजना के कार्यकारी निदेशक, श्री जयदेव परिदा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अजय सिंह यादव, एवं सभी विभागाध्यक्षगण, कर्मचारीगण, गरिमा महिला मंडल की सदस्याएँ, 'बालिका सशक्तीकरण मिशन' की प्रतिभागी बालिकाएं तथा सी.आई. एस. एफ. के जवान उपस्थित रहे।शपथ ग्रहण के उपरांत प्रतिभागियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद न्यू शॉपिंग कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण किया गया और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करने हेतु उपस्थित लोगों को जूट बैग वितरित किए गए।कर्मचारी विकास केंद्र में आयोजित




एक अन्य कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधानों को फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री परिदा ने संबोधित करते हुए कहा कि, मानव जीवन का अस्तित्व प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने में ही निहित है। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग पर नियंत्रण की आवश्यकता पर बल देते हुए एनटीपीसी टांडा में कॉलोनी को पॉलिथीन मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रीन वेस्ट के पुनः उपयोग हेतु मशीन द्वारा पेलेट निर्माण की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है, जो 'रीड्यूस, रिसायकल और रीयूज' के सिद्धांतों को साकार करेगी।पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित 'विश्व पर्यावरण सप्ताह' के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें कर्मचारियों के लिए पर्यावरण प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन, और आवासीय परिसर के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल रहीं। एनटीपीसी टांडा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए सतत विकास की दिशा में सार्थक प्रयास करता आ रहा है, और यह आयोजन उसी प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है।

# धर्म की स्थापना हेतु श्रीराम ने लिया अवतार : बापू

**अयोध्या।** सुप्रसिद्ध कथाव्यास रामेश्वर बापू ने राम के बारे में बताया कि राम स्वयं परब्रह्म है। लेकिन संतो का कार्य करने के लिए साधु का कार्य करने हेतु धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर पृथ्वी पर आए थे। पृथ्वी में भी भगवान राम ने अयोध्या भूमि को पसंद था। इसलिए अयोध्या भूमि स्वयं ब्रह्म की भूमि है। सरयू मैया स्वयं जगदंबा हैं। रामचरित मानस में जो कथा है। वह ब्रह्म का दर्शन कराती है। कथा संस्कार और मूल्य प्रदान करती है। सनातन धर्म का पालन कैसे करना परिवार में व्यक्ति को व्यवहार कैसे करना वो सिखाती है। यानी कथा व्यक्ति को जीवन जीना सिखाती है। कथा से व्यक्ति के जीवन में विद्या का आगमन होता है। कथा रूपी विद्या यानी जीवन को जीने की विद्या है। राजा दशरथ के वहां गुरु कृपा से चार पुत्रों का जन्म हुआ है। गुरु कृपा ही व्यक्ति को दुख से दूर कर सकते हैं। बिनु गुरु कृपा व्यक्ति सुख नहीं पा सकते हैं। इसलिए गुरु का आश्रय ही सुख प्रदान करता है। गुरु वशिष्ठ महाराज चार भाइयों का नामकरण करते हैं। कौशल्या पुत्र का नाम राम रखा है। जो समग्र जगत को आराम देंगे समग्र जगत को विश्राम देंगे ऐसा स्वरूप यानी राम है। फिर कैकई पुत्र का नाम भी वशिष्ठ महाराज ने भरत की रखा है। क्योंकि सब का भरन पोषण करेगा। सबका वह पोषण करने वाला है। इसलिए भारत लाल रखा। शत्रु को करने वाला सुमित्रा पुत्र का नाम शत्रुघ्न और जो बुद्धिमान है वो लक्ष्मण हैं। चारों भाइयों का नामकरण किया। चारों भाई गुरु वशिष्ठ महाराज के आश्रम में विद्या अभ्यास करने के लिए जाते हैं। भगवान राम के श्वास में ही चारों वेद भी मुख में सब शास्त्र है। फिर भी गुरु के चरण में बैठकर विद्या अभ्यास करते है। भगवान राम ने जगत को संदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति गुरु के पास बैठकर विद्या अभ्यास करना चाहिए। गुरुजी विद्या दे सकते हैं। बिना गुरु विद्या सफल नहीं होते। आज के युग में बेटियों को खूब पढ़ाओ, बच्चों को खूब पढ़ाओ। लेकिन विद्या से विवेक आना चाहिए। बिना विवेक की विद्या आनंद नहीं देती है। अपने यज्ञ की रक्षा करने के लिए राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र ऋषि वन में ले जाते हैं। प्रथम तड़का आती है असुरों की माता है। राम ने एक ही बाण से प्राण हर लिया तड़का को परम गति देते हैं। राम मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हुई। कथा के श्रोता वो सबने मिलकर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को भाव से मनाया।

# जबरदस्ती नाला खुदाई का प्रयास असफल

## पीड़ित की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मामले में किया हस्तक्षेप

**टाण्डा अंम्बेडकरनगर।** विकासखंड टांडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर कला की महिला को जिला अधिकारी के हस्तक्षेप से न्याय मिलने के साथ महिला के पति के खतौनी सुदा भूमि से जबरदस्ती नाला खुदाई कराने वाले दबंग का प्रयास हुआ असफल। मामले कि जानकारी देते हुए बताया टांडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर कला की मनोरमा उपाध्याय पत्नी अवधेश की खतौनी सुदा भवन गाटा संख्या 1357 का रहा । जिसमे गांव के कुछ दबंग गोलबंद लोगों ने जिला पंचायत विभाग से मिलकर जबरदस्ती नाला निर्माण करना चाह रहे थे। 24 मई को नाला निर्माण के लिए मौके पर जेसीबी मशीन के माध्यम से खुदाई का काम शुरू हुआ तो मनोरमा उपाध्याय ने नाला खुदाई के कार्य को रोकने के लिए कहा। जिस पर दबंग धमकी देने लगे और प्रत्येक दशा में नाला खुद वाने पर अड़ गए। मनोरमा उपाध्याय ने बताया की मौके पर 112 डायल पुलिस पहुंची और नाला निर्माण खुदाई का कार्य रोकवा दिया।मौके पर कोतवाली टांडा के उपनिरीक्षक विवेक कुमार मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों की बात को सुनकर नाला खुदाई का कार्य रुकवा कर अपना अपना पक्ष राजस्व विभाग के अधिकारियों के समक्ष रखने का निर्देश दिया। ऐसे में जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यवाही करने का निर्देश नायब तहसीलदार टांडा राज कपूर को निर्गत किया। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में नायब तहसीलदार राज कपूर ने राजस्व कर्मचारी की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया । जांच पड़ताल में यह मिला कि गांव के लोग काश्तकार अवधेश उपाध्याय के खतौनी की भूमि गाटा संख्या 1357 में नाला निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे किसान अवधेश की निजी भूमि को क्षति हो सकती है। इसलिए किसान की भूमि से नाला निर्माण नहीं कराया जा सकता है। दूसरे दिन मौके पर नायब तहसीलदार टांडा राज कपूर एवं खंड विकास अधिकारी टांडा राघवेंद्र सिंह ने अपने-अपने विभाग के अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीण से वार्ता करने के बाद उक्त नाला निर्माण का मार्ग बदलकर सरकारी डहर की तरफ से बनवाने का निर्णय लिया। उक्त दोनों अधिकारियों के सूझबूझ पूर्ण निर्णय से नाला खुदाई का काम संपन्न हो गया है। इस कार्रवाई से पीड़िता तथा उसका पूरा परिवार तथा आसपास के ग्रामीण से सराहना कर रहे हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने बड़े पुत्र उमाकान्त व उसकी पत्नी सियाकिशोरी को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता-भाग्यवान मौर्या**
**पुत्र स्व. परशुराम मौर्या**
**ग्राम,भटुवामऊ बेलहरा थाना**
**मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी**

# पुलिस ने फ्लैगमार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार के निर्देश पर बुधवार को देर शाम आगामी गंगा दशहरा बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ किछौछा कस्बा सलामी गेट बसखारी कस्बा में फ्लैग मार्च कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया कि शांतिपूर्वक गंगा दशहरा त्यौहार बकरीद त्यौहार मनाएंगे अफवाहों पर ध्यान ना देंगे सभी लोग अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों पर होगी कार्यवाही वही सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह ने लोगों से अपील की शांतिपूर्वक बकरीद का त्यौहार मनाएंगे लापरवाही कतई बर्दाश्त की जाएगी वहीं सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह ने किछौछा बसखारी




कस्बे में संदिग्ध व्यक्तियों मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की और कड़ी फटकार लगाई वही सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह ने जहां मौजूद लोगों से हाल-चाल पूछा यदि किसी को समस्या हो तत्काल हमको अवगत कराएंगे या प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार चौंकी प्रभारी किछौछा कमलेश यादव को इस दौरान चौकी प्रभारी किछौछा कमलेश यादव उप निरीक्षक ओंकार पटेल उपनिरीक्षक अरुण कुमार हमराही बृजेश सिंह यादव अजीत यादव आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# संतों ने राघवेंद्र भवन के पूर्वाचार्य को किया नमन

**अयोध्या।** रामनगरी की प्रसिद्ध पीठ श्रीराघवेंद्र भवन नोनहटिया, कनीगंज के साकेतवासी श्रीमहंत हरिशंकर शरण महाराज को संतों ने शिद्दत से याद किया। मौका उनकी सातवीं पुण्यतिथि महोत्सव का रहा। जो मठ में निष्ठापूर्वक मनाई गई। पुण्यतिथि महोत्सव पर गुरुवार को मंदिर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई, जिसमें अयोध्याधाम के विशिष्ट संत-महंत, धर्माचार्यों ने पूर्वाचार्य श्रीमहंत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। संतों ने उनके कृतित्व-व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला। इस अवसर पर राघवेंद्र भवन के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत शिवराम शरण ने बताया कि उनके गुरुदेव श्रीमहंत हरिशंकर शरण महाराज की सातवीं पुण्यतिथि आश्रम में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। पुण्यतिथि पर अयोध्यानगरी के समस्त संत-महंत, धर्माचार्य सम्मिलित हुए। जिन्होंने पूर्वाचार्य को श्रद्धासुमन अर्पित किया। महाराज श्री अप्रतिम प्रतिभा के धनी संत रहे। जो गौ एवं संत सेवी होने के साथ-साथ भजन-साधना में तल्लीन रहा करते थे। उनकी गणना भजनानंदी संत के रूप में होती थी। उनके अंदर संतत्व के सारे गुण रहे। वह



व्यवहार कुशल संत थे। इसी कारण रामनगरी के सभी संत-महंत उनका आदरपूर्वक सम्मान करते रहे। उन्होंने आश्रम का सर्वांगीण विकास किया। आजीवन मठ की उत्तरोत्तर समृद्धि में लगे रहे। मंदिर में गौ, संत, विद्यार्थी, आगंतुक सेवा सुचार रूप से चल रही है। जहां सभी उत्सव, समैया, त्यौहार आदि परंपरागत रूप से मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुगण मंदिर के उत्सव में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बनते हैं। गुरुदेव ने सेवा को ही अपना धर्म माना और उसी को अंगीकार किया। अपने शिष्य-अनुयायी, परिकरों को भी सेवा कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्हें सेवा का पाठ पढ़ाया। गुरुदेव की यश-कीर्ति सदैव हम सबके साथ रहेगी। पुण्यतिथि पर काफी संख्या में संत-महंत, भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत शिवराम शरण महाराज ने पधारे हुए संत-महंतों का स्वागत-सत्कार कर भेंट, विदाई दी।

इस अवसर पर राजेंद्र निवास के महंत मुनि दास, रघुनंदन कुंज के महंत अजय दास, महाविरक्त आश्रम महंत माधव दास रामायणी, समथर मंदिर के महंत रामरसिक शरण, महंत राममंगल दास रामायणी, महंत भरत दास शास्त्री, नागा रामलखन दास, महंत रामलोचन शरण, विद्याभूषण शरण, महंत रामशरण दास, विष्णु दास आदि संत-महंत, भक्तजन मौजूद रहे।